वर्ष : 34 | अंक : 291 | मुंबई, रविवार, 28 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## जमा हुए 44 नामांकन पत्र

मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन शनिवार को 35 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अब तक कुल 44 नामांकन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 23 दिसंबर से शुरू हुई थी और यह 30 दिसंबर तक जारी रहेगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि शनिवार को शहर के 23 निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों से कुल 1,294 नामांकन फॉर्म वितरित किए गए। इसमें बताया गया कि पहले दिन 4,165 नामांकन फॉर्म वितरित किए गए थे। इसके बाद 24 दिसंबर को 2,844 फॉर्म और 26 दिसंबर को 2,040 फॉर्म वितरित गए।

## शिंदे आवास पर उच्च स्तरीय बैठक

रंगशारदा में बैठक के बाद, भाजपा और शिवसेना के वरिष्ठ नेता आगे की रणनीति तय करने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास पर पहुंचे। शेष 20 सीटों के गतिरोध को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा मंत्री आशीष शेलार, शिवसेना नेता उदय सामंत और सांसद राहुल शेवाले उपस्थित थे। महायुति की पहली आधिकारिक सूची जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

## विपक्ष पर हमला और चुनाव प्रचार की रणनीति

शिवसेना (UBT) और मनसे (MNS) पर निशाना साधते हुए अमित साटम ने कहा कि महायुति उन ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह तैयार है जो 'मुंबई का रंग बदलने' की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन का ध्यान केवल संख्या बल पर नहीं बल्कि सामूहिक जीत पर है। साटम ने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों की संयुक्त रैलियां आयोजित की जाएंगी और प्रचार अभियान अगले महीने की पहली या दूसरी तारीख से शुरू होने की संभावना है। शिवसेना (शिंदे गुट) के महासचिव और सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि गठबंधन व्यक्तिगत पार्टी के आंकड़ों के बजाय बीएमसी चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। महायुति ने मुंबई में 150 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। शेवाले ने एक महत्वपूर्ण संकेत देते हुए कहा कि जीत सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ, तो पार्टियों के बीच उम्मीदवारों की अदला-बदली भी की जा सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों पार्टियों को सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलेगी।

# बैठक पर बैठक

## सीट बंटवारे पर नहीं बनी सहमति, बैठकों का दौर जारी



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर ठाकरे परिवार के दोनों गुटों और भाजपा-शिवसेना के बीच अभी सहमति नहीं बन पाई है। शनिवार को अलग-अलग दलों के नेताओं के बीच लगातार बैठकों का दौर चला, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने अब तक अपने उम्मीदवारों की सूची का एलान नहीं किया है। इसी तरह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नाम साझा नहीं किए हैं। बीएमसी में कुल 227 वार्ड हैं।

### भाइयों के बीच अंतिम चरण में बातचीत

दोपहर में मनसे के नेता बाला नंदगांवकर, नितिन सरदेसाई और संदीप देशपांडे ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। यह बैठक महिम विधानसभा क्षेत्र के वार्डों को लेकर मतभेद सुलझाने के लिए हुई, जिसमें दादर और प्रभादेवी जैसे इलाके आते हैं, जहां दोनों दलों का प्रभाव है। बाला नंदगांवकर ने पत्रकारों से कहा कि कुछ सीटों की आपस में अदला-बदली करनी जरूरी था, इसी को लेकर उद्धव ठाकरे से बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि एक बार फिर बैठक होगी, जिसके बाद सीट बंटवारे की बातचीत अंतिम चरण में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मनसे ने अब तक सभी चुनाव अकेले लड़े हैं, इसलिए सीट साझेदारी की प्रक्रिया उसके लिए नई है।

### भाजपा और शिवसेना में गतिरोध

भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच भी सीटों को लेकर गतिरोध बना हुआ है। शिवसेना के एक नेता ने बताया कि सत्तारूढ़ महायुति में शामिल दोनों दलों के बीच मीरा-भायंदर, ठाणे, नवी मुंबई और कल्याण-डोंबिवली की नगरपालिकाओं को लेकर बातचीत जारी है। महाराष्ट्र में मुंबई और पुणे समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर है।

# चाचा-भतीजे की जुगलबंदी का ब्लूप्रिंट तैयार!



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और अजित पवार की एनसीपी के संभावित विलय को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, यदि दोनों दलों का मर्जर होता है तो पुराने समझौते के ब्लूप्रिंट को ही अमल में लाया जाएगा। इस फॉर्मूले के तहत अजित पवार राज्य की राजनीति की कमान संभालेंगे, जबकि सुप्रिया सुले दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की भूमिका निभाएंगी।

### शरद पवार का भविष्य और उत्तराधिकार

दरअसल, एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार का राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है। 85 वर्ष की उम्र में शरद पवार के सक्रिय राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाने की अटकलें हैं। वह पहले भी सार्वजनिक रूप से राजनीति से हटकर सामाजिक कार्यों पर ध्यान देने की इच्छा जता चुके हैं।

> लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले दिल्ली में रहकर राष्ट्रीय स्तर के मामले देखेंगी

### परिवार के भीतर बैठकों का दौर

सूत्रों के अनुसार, हाल के महीनों में पवार परिवार के भीतर कई अहम बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में इस बात पर सहमति बनी कि बदलते राजनीतिक हालात और कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अब नेतृत्व की जिम्मेदारी अजित पवार को सौंपी जानी चाहिए, ताकि वे परिवार और पार्टी दोनों को आगे ले जा सकें।

### अजित पवार संभालेंगे महाराष्ट्र की सियासत




### सुप्रिया सुले की राष्ट्रीय भूमिका

चर्चाओं में यह भी सामने आया है कि अजित पवार, सुप्रिया सुले के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करेंगे और उन्हें केंद्र की राजनीति में पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। माना जा रहा है कि सुले ने दिल्ली की राजनीति को राज्य की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से संभालने की क्षमता दिखाई है। हालांकि, कुछ मुद्दों पर सहमति बनना अभी बाकी है, जिसके बाद ही मर्जर की औपचारिक घोषणा संभव है।

### स्थानीय चुनाव और भाजपा चुनौती

एक अन्य सूत्र का कहना है कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम चुनावों को ध्यान में रखते हुए दोनों एनसीपी एक साथ आने की रणनीति बना रही हैं। ये क्षेत्र लंबे समय से एनसीपी के गढ़ माने जाते हैं। पवार परिवार की कोशिश है कि इन इलाकों में भाजपा को हराकर अपना राजनीतिक आधार सुरक्षित रखा जाए ।विलय की चर्चाओं से एनसीपी (एसपी) के कुछ नेता असहज नजर आ रहे हैं। कई नेता अजित पवार के नेतृत्व में दोबारा काम करने को तैयार नहीं हैं।

मुंबई मनपा चुनाव

# अब तक 10 हजार से अधिक फॉर्म वितरित

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र वितरण की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है। शनिवार को प्रक्रिया के चौथे दिन 23 चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालयों से कुल 1,294 नामांकन फॉर्म वितरित किए गए। इसी के साथ अब तक वितरित किए गए फॉर्मों की कुल संख्या 10,343 तक पहुंच गई है। शनिवार को ही विभिन्न विभागों से 35 नामांकन पत्र जमा भी किए गए, जिससे चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई है।



### विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों की स्थिति

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, बीएमसी के 'के-पश्चिम' और 'के-पूर्व' विभागों से सबसे अधिक यानी 116 फॉर्मों का वितरण किया गया। वहीं, 'सी' और 'डी' विभाग में वितरित 72 फॉर्मों में से 9 आवेदन प्राप्त (जमा) भी हो चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक प्रशासन को कुल 44 भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उम्मीदवारों को फॉर्म भरने और जमा करने के लिए सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है।

### नामांकन की समय सीमा और प्रशासनिक तैयारी

राज्य चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत, नामांकन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर है। अब तक प्राप्त कुल 44 आवेदनों में से शनिवार को एक ही दिन में 35 आवेदन जमा होना यह दर्शाता है कि उम्मीदवार अब अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए प्रक्रिया में तेजी ला रहे हैं। बीएमसी प्रशासन ने सभी 23 आरओ (RO) कार्यालयों में सुरक्षा और पारदर्शिता के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि पूरी चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## ब्रीफ न्यूज़

### मनरेगा को लेकर देशव्यापी विरोध करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मनरेगा का नाम 'VB-जी राम जी' करने का देशव्यापी विरोध करेगी। 5 जनवरी से इसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी। उन्होंने कहा- मोदी को गांधी सरनेम से दिक्कत है, इसलिए मनरेगा का नाम बदला गया। ये कानून कानून गरीबों को कुचलने और उन्हें दबाने के लिए है।



पेज 7- भी देखें

### अवैध रूप से रहने के आरोप में छह बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**नासिक।** पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक शहर से भारत में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन महिलाओं को शुक्रवार को प्रसिद्ध पांडवलेनी गुफाओं के पास कवठेकरवाड़ी से हिरासत में लिया गया था। उन्होंने बताया कि भारत में अवैध रूप से रहने में उनकी मदद करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी महिलाएं पांडवलेनी के कवठेकरवाड़ी इलाके में अवैध रूप से रह रही हैं, इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर 25 से 41 वर्ष की आयु की इन छह महिलाओं को हिरासत में लिया।



## असम में 10.56 लाख वोटर के नाम कटे



**एजेंसी । गुवाहाटी**

असम में विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले वोटर लिस्ट का स्पेशल रिवीजन किया गया है। इसमें 10,56,291 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने असम में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया स्पेशल रिवीजन नाम से कराई थी। शनिवार को जारी ड्राफ्ट रोल के मुताबिक असम में कुल 2,51,09,754 वोटर हैं। इनमें 93,021 हजार से ज्यादा D-वोटर यानी डाउटफुल वोटर शामिल नहीं हैं। वोटर लिस्ट में से मौत, नई जगह शिफ्ट होने या डुप्लीकेट एंट्री होने की वजह से 10.56 लाख लोगों के नाम हटाए गए हैं।

### स्पेशल रिवीजन 22 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच

असम में स्पेशल रिवीजन 22 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच किया गया था। इस दौरान वोटरों के घर-घर जाकर जांच की गई, जिसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई। वोटर 22 जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। फाइनल इलेक्टोरल रोल 10 फरवरी को पब्लिश किए जाएंगे। D-वोटर वे लोग होते हैं, जिनकी नागरिकता पर सरकार को शक होता है। ऐसे लोगों को वोट देने की परमिशन नहीं होती। इन्हें फॉरेनर्स एक्ट, 1946 के तहत खास ट्रिब्यूनल तय किया जाता है और इन्हें वोटर कार्ड भी नहीं दिया जाता। इन डी-वोटर्स की जानकारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अलग से जोड़ी गई है।

एएनटीएफ की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# तीन एमडी ड्रग्स फैक्ट्रियों का किया भंडाफोड़

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नए साल से पहले एमडी ड्रग्स के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए बेंगलुरु में चल रही तीन अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 55 करोड़ 88 लाख 90 हजार रुपये मूल्य का एमडी ड्रग, कच्चा माल, मशीनरी और रसायन जब्त कर फैक्ट्रियों को पूरी तरह नष्ट किया गया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो फरार हैं।

**55 करोड़ की ड्रग्स जब्त**



### वाशी से शुरू हुई जांच, बेंगलुरु तक पहुंचा नेटवर्क

एएनटीएफ के अनुसार इस मामले की शुरुआत 21 दिसंबर 2025 को नवी मुंबई के वाशी इलाके से हुई, जहां छापेमारी में 1 किलो 488 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। पूछताछ और तकनीकी जांच के बाद मुख्य साजिशकर्ता के रूप में कर्नाटक के बेलगावी निवासी प्रशांत यल्लप्पा पाटील का नाम सामने आया। आगे की जांच में खुलासा हुआ कि बेंगलुरु में तीन अलग-अलग स्थानों पर एमडी ड्रग्स की फैक्ट्रियां संचालित हो रही थीं।

### तीन ठिकानों से 21 किलो से ज्यादा एमडी ड्रग्स बरामद

एएनटीएफ की टीम ने बेंगलुरु में सूरज रमेश यादव और मलखान रामलाल बिश्नोई को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर स्पंदना लेआउट, एनजी गोलाहल्ली और येरपनाहल्ली कन्नूर इलाके में छापेमारी की। इन ठिकानों से 4 किलो 100 ग्राम ठोस और 17 किलो तरल एमडी ड्रग्स समेत कुल 21 किलो 400 ग्राम नशीला पदार्थ, अत्याधुनिक मशीनें और खतरनाक रसायन बरामद किए गए।

### अंतरराज्यीय नेटवर्क और संपत्तियों की जांच जारी

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने ड्रग्स की कमाई से बेंगलुरु में बड़ी मात्रा में अचल संपत्तियां खरीदी हैं, जिनकी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई राज्य अपराध जांच विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुणे और कोकण एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दी।

## बेटे को कुनबी प्रमाणपत्र न मिलने पर किसान ने आत्महत्या की

**डीबीडी संवाददाता । बीड**

महाराष्ट्र के बीड जिले में शनिवार को एक 55 वर्षीय किसान ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि किसान अपने बेटे को कुनबी जाति प्रमाणपत्र न मिलने से मानसिक तनाव में था, जिससे उसके बेटे को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बाबूराव विठ्ठल येम्पुरे के रूप में हुई है। उन्होंने बीड तहसील के मजारसुम्बा गांव के पास येम्पुरे वस्ती क्षेत्र में एक पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। सूत्रों ने बताया कि येम्पुरे के कई रिश्तेदारों को कुनबी प्रमाणपत्र मिल चुका था, लेकिन उनके बेटे का आवेदन कथित तौर पर तहसील कार्यालय में लंबित था। परिजनों का दावा है कि प्रमाणपत्र न मिलने के कारण उनके बेटे की पढ़ाई और नौकरी से जुड़े अवसर प्रभावित हो रहे थे, जिससे किसान काफी परेशान था।




**अपराध** | मराठी न बोल पाने की वजह से थी नाराज

# मां ने 6 साल की मासूम बेटी को उतारा मौत के घाट

### मनोचिकित्सक के पास चल रहा था महिला का इलाज

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

कलंबोली में ममता का गला घोंटने वाली एक जघन्य घटना सामने आई है, जहां एक मां ने अपनी ही छह साल की मासूम बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी। कलंबोली पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि मां इस बात से बेहद नाराज थी कि उसकी बेटी मराठी भाषा नहीं बोल पा रही थी।



### भाषा को लेकर अक्सर रहता था तनाव

पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी महिला बीएससी (B.Sc) तक पढ़ी-लिखी है और उसके पति एक आईटी इंजीनियर हैं। उनकी बेटी को बचपन से ही बोलने में कुछ कठिनाई थी और वह मराठी के बजाय अक्सर हिंदी शब्दों का उपयोग करती थी। महिला अपनी बेटी की इस कमजोरी को स्वीकार नहीं कर पा रही थी और अक्सर अपने पति से कहती थी कि उसे ऐसी बच्ची नहीं चाहिए। पति के समझाने के बावजूद महिला के स्वभाव में कोई बदलाव नहीं आया।


### सोची-समझी साजिश और मौत की झूठी कहानी

23 दिसंबर की रात को आरोपी मां ने अपनी बच्ची को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और गला घोंटकर उसकी जान ले ली। वारदात के बाद मामले को प्राकृतिक मौत का रूप देने के लिए एक झूठी कहानी रची गई। परिजनों ने दावा किया कि बच्ची की मौत नींद में दिल का दौरा (Heart Attack) पड़ने से हुई है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला हत्या का राज

कलंबोली पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर राजेंद्र कोते को बच्ची की मौत संदिग्ध लगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया, जिसकी प्राथमिक रिपोर्ट ने सबको चौंका दिया। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्ची की मौत दिल का दौरा पड़ने से नहीं, बल्कि श्वसन मार्ग अवरुद्ध होने यानी गला घोंटने की वजह से हुई है।

# गुहागर बीच पर समुद्र में एक परिवार के तीन डूबे



डीबीडी संवाददाता | रत्नागिरी

रत्नागिरी जिले के गुहागर बीच पर शनिवार दोपहर समुद्र में नहाने उतरे एक ही परिवार के तीन लोग डूब गए। स्थानीय लोगों की सतर्कता से तीनों को समुद्र से बाहर निकाला गया, लेकिन इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जांच गुहागर पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार पवई, मुंबई से आए पति-पत्नी और उनका 14 वर्षीय बेटा पर्यटन के लिए गुहागर बीच पहुंचे थे। समुद्र

### पति-पत्नी को बचाया गया, बेटे की मौत

की गहराई का अंदाजा न होने के कारण तीनों पानी में डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कर उन्हें बाहर निकाला, लेकिन अमोल मुथा (42) की जान नहीं बच सकी। महिला और बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुहागर के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# कलवा में बनेंगे नाट्यगृह और दो अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

## शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने जनसभा में किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने ठाणे महानगरपालिका चुनाव के मद्देनज़र कलवा, खारीगांव और विटावा में आयोजित विजय संकल्प मेलों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कलवा में एक भव्य नाट्यगृह और दो अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का आश्वासन देकर विकास को चुनावी मुद्दे के केंद्र में रखा।




### स्वास्थ्य और परिवहन ढांचे को मिली मजबूती

उन्होंने बताया कि साकेत में 700 बेड का कैंसर अस्पताल बन रहा है, जबकि कलवा अस्पताल में एमआरआई, सीटी स्कैन के साथ कार्डियोलॉजी और यूरोलॉजी सेंटर शुरू किए गए हैं। वहीं रेलवे सुविधाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पांचवें और छठे रेलवे मार्ग का काम पूरा हो चुका है, खारीगांव पुल सहित कई रेलवे फाटक बंद किए गए हैं और कलवा में होम प्लेटफॉर्म व कारशेड की बेहतर व्यवस्था के लिए प्रयास जारी हैं।

### घर, पानी और चुनावी भरोसा

डॉ. शिंदे ने कहा कि हर गरीब को उसका हक का घर देना सरकार की गारंटी है और क्लस्टर योजना अब ठाणे के साथ मुंबई में भी लागू की गई है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि कालू-शाई बांध परियोजना पूरी होने के बाद ठाणे की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी मनपा चुनाव में 'लाडकी बहनें' शानदार प्रदर्शन करेंगी और शिवसेना को बड़ी जीत मिलेगी।

### कलवा-मुंब्रा विकास पर सरकार का फोकस


डॉ. शिंदे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कलवा-मुंब्रा क्षेत्र के विकास में कभी भेदभाव नहीं किया। ठाणे मनपा के माध्यम से सड़कों का विस्तार, नक्षत्र उद्यान, खाड़ी तट का सौंदर्यीकरण और जेट्टी जैसे कई कार्य पूरे किए गए हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए एकनाथ शिंदे ने कलवा के स्विमिंग पूल को विश्वस्तरीय बनाने के लिए 40 करोड़ रुपए का फंड भी उपलब्ध कराया।

# पड़ताल में नवी मुंबई में पाए गए 13,336 दोहरे मतदाता

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

राज्य निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रम के अनुसार नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए 1 जुलाई 2025 की मतदाता सूची को मान्य माना गया है। आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई 45,588 संभावित दोहरे मतदाताओं की सूची का बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से जमीनी स्तर पर सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान 13,336 मतदाता दोहरे पाए गए। ऐसे सभी

### दो में से एक स्थान पर मतदान करने का हमीपत्र भरवाया गया



मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए हमीपत्र भरवाया गया कि वे दो में से किस एक स्थान पर मतदान करेंगे।

### घर-घर जांच, फोटो मिलान और हमीपत्र प्रक्रिया

महानगरपालिका क्षेत्र में संभावित दोहरे मतदाताओं की जांच के लिए प्रभागवार बीएलओ टीमों का गठन किया गया था। महानगरपालिका आयुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में कंप्यूटर प्रणाली के जरिए मतदाता सूचियों का नाम और विधानसभा सूची भागों के अनुसार वर्गीकरण किया गया। फोटो सहित सूची बीएलओ को सौंपी गई, जिन्होंने घर-घर जाकर फोटो मिलान, माता-पिता के नाम, पते की समानता और प्रभाग की पुष्टि जैसे मानकों पर जांच की। जहां एक ही व्यक्ति का नाम दो अलग-अलग पतों पर पाया गया, वहां संबंधित व्यक्ति से मतदान स्थल तय करने के लिए हमीपत्र लिया गया।

# वोटिंग ट्रेनिंग से गैरहाज़िर रहने वाले कर्मचारियों की खैर नहीं

## लिया जाएगा डिसिप्लिन एक्शन: आयुक्त सौरभ राव

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मनपा के आम चुनावों को देखते हुए, पोलिंग स्टेशनों पर काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 27 से 29 दिसंबर तक विशेष ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वोटिंग प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और नियमित बनाना है। मनपा आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव ने बताया कि ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और क्रिमिनल केस भी दर्ज किया जाएगा।

ठाणे मनपा के आम चुनावों के लिए 2013 पोलिंग स्टेशनों पर कुल 10,120 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। मतदान



के दिन पोलिंग स्टेशनों पर किए जाने वाले कार्यों और EVM हैंडलिंग के प्रशिक्षण को दो सत्रों में आयोजित किया गया है। यह ट्रेनिंग राम गणेश गडकरी रंगायतन और डॉ. काशीनाथ घानेकर नाट्यगृह में होगी। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदाता पहचान प्रक्रिया, आचार संहिता का पालन और आपातकालीन स्थितियों में क्या करना है, इस पर गहन मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### अनुपस्थिति पर सख्त कार्रवाई

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण मतदान कार्य का अनिवार्य हिस्सा है। आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का अनुपस्थित रहना गंभीर मामला माना जाएगा। लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में हर नियुक्त कर्मचारी से अपेक्षा है कि वे अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करें। प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मचारियों से समय पर प्रशिक्षण में शामिल होने और चुनाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार रहने की अपील भी की है।

# 521 नॉमिनेशन फार्म का वितरण

## ठाणे मनपा चुनाव




डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका आम चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के तहत शहर की 9 प्रभाग समितियों से कुल 521 नामांकन फार्म वितरित किए गए। इसके साथ ही 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन आवेदन दाखिल किए हैं। यह जानकारी संबंधित प्रभाग समितियों के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारियों ने दी।

### प्रभागवार नामांकन फार्म का वितरण

चुनाव अधिकारियों के अनुसार, माजीवाड़ा-मानपाड़ा (वार्ड 1,2,3,8) से 65, वर्तकनगर (वार्ड 4,5,7) से 53, लोकमान्य सावरकर (वार्ड 6,13,14,15) से सबसे अधिक 100, वागले (वार्ड 16,17,18) से 58, नौपाड़ा-कोपरी (वार्ड 19,20,21,22) से 60, उथलसर (वार्ड 10,11,12) से 34, कलवा (वार्ड 9,23,24,25) से 39, मुंब्रा (वार्ड 26,30,31,32) से 49 और दिवा (वार्ड 27,28,29,33) प्रभाग समिति से 63 नामांकन फार्म वितरित किए गए।

# दुकान में घुसकर बजरंग दल कार्यकर्ता की भीड़ ने की पिटाई

### क्रिसमस को लेकर रखा था विवादित स्टेटस

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

बजरंग दल से जुड़े बताए जा रहे कार्यकर्ता अर्जुन सिंह पर उसकी ही मोबाइल दुकान के अंदर भीड़ ने बेरहमी से हमला कर दिया। आरोप है कि अर्जुन ने क्रिसमस को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट साझा की थी, जिसके बाद यह घटना हुई। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



### रबाले MIDC पुलिस ने शुरू की जांच

मारपीट के बाद हमलावर धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में रबाले MIDC पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### दुकान में घुसकर 20-30 लोगों ने की मारपीट

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि अर्जुन सिंह अपनी दुकान में मौजूद था, तभी बातचीत के बहाने कुछ लोग अंदर आए और देखते ही देखते 20 से 30 लोगों की भीड़ दुकान में घुस गई। इसके बाद अर्जुन पर लात-घूंसे, चप्पल, बाल्टी, गमले और प्लास्टिक ड्रम से हमला किया गया। हमले के दौरान वह पूरी तरह असहाय नजर आया।

# सानपाड़ा के मैदान से हटा अवैध कब्जा

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई नगर निगम के सानपाड़ा स्थित हुतात्मा बाबू गेनू सैद मैदान की बदहाली और वहां हो रही अवैध पार्किंग की खबर मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। आयुक्त के निर्देश मिलते ही विभाग अधिकारी सागर मोरे के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने मैदान में धावा बोला और वहां अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की।



### भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी और सुरक्षा इंतजाम

मैदान को पूरी तरह साफ करने के बाद अब इसे बच्चों के खेलने के लिए दोबारा उपलब्ध करा दिया गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर मैदान के दरवाजों पर ताले लगा दिए हैं ताकि भविष्य में कोई भी वहां गाड़ी पार्क न कर सके। अतिक्रमण विरोधी विभाग के उपायुक्त डॉ. कैलाश गायकवाड़ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अब कोई भी मैदान में अवैध पार्किंग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर (FIR) दर्ज की जाएगी।

### बच्चों के खेल में बाधक बनी पार्किंग

स्थानीय सोसायटियों के निवासियों द्वारा अपनी गाड़ियां मैदान में पार्क करने के कारण बच्चों का खेलना दूभर हो गया था। पार्किंग के कारण गाड़ियों के नुकसान के डर से बच्चों को वहां से भगा दिया जाता था, जिससे उनके उत्साह पर पानी फिर रहा था। कार्रवाई के दौरान दस्ते ने मैदान में अवैध रूप से खड़ी कई गाड़ियों को जब्त कर डंपिंग ग्राउंड भेज दिया है। इसके अलावा, मैदान के आसपास जमा कचरे के ढेरों को साफ किया गया और पुलिस स्टेशन के पीछे लावारिस पड़े वाहनों पर भी उचित कार्रवाई की गई।

# नासिक जेल में नशेबाजी पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग (MSHRC) ने नासिक रोड सेंट्रल जेल से कथित तौर पर वायरल हुए एक वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस वीडियो में जेल के भीतर कैदियों को कथित तौर पर गांजा पीते हुए दिखाया गया है। आयोग ने इस घटना को मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अपने आदेश में कई शीर्ष अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सुधार सेवा), पुणे; पुलिस आयुक्त, नासिक; पुलिस अधीक्षक, नासिक (ग्रामीण); और नासिक रोड सेंट्रल जेल के अधीक्षक शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों से इस लापरवाही और सुरक्षा चूक पर विस्तृत स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। मानवाधिकार आयोग ने नासिक की एक स्थानीय समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए 'फ्री प्रेस जर्नल' (FPJ) ने भी पहले इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। आयोग ने सोशल मीडिया और यूट्यूब पर प्रसारित उन वीडियो क्लिप्स का भी हवाला दिया है जिनमें कैदियों को नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए दिखाया गया है।

# 170 करोड़ का जमीन घोटाला

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे की एक अतिरिक्त सत्र अदालत ने रियल एस्टेट व्यवसायी रमेश माधव भडगे की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने पाया कि प्रथम दृष्टया व्यवसायी एक बड़े भूमि धोखाधड़ी मामले में शामिल है, जिसमें कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों, पहचान की चोरी और लगभग 170 करोड़ रुपए का लेनदेन शामिल है। जज ने इसे एक गंभीर आर्थिक अपराध बताते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। रमेश भडगे ने भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत काशीमीरा पुलिस स्टेशन में दर्ज धोखाधड़ी,

### ठाणे कोर्ट ने रियल एस्टेट कारोबारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की



जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। यह मामला मीरा रोड के मीरा महाजनवाड़ी में स्थित 20 एकड़ और 35 गुंठा के विवादित भूखंड से संबंधित है।

### मृत मालिक के नाम पर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह जमीन मूल रूप से 1978 में एक हाई कोर्ट नीलामी में मनीष इंडस्ट्रियल के मुख्य प्रमोटर डी.के. शाह द्वारा खरीदी गई थी। 1994 में शाह की मृत्यु के बाद, उनके कानूनी उत्तराधिकारी जमीन के कब्जे में थे। हालांकि, आरोपियों ने कथित तौर पर मृत मालिक बनकर और फर्जी आधार, पैन, राशन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग करके 2024 में एक फर्जी 'पावर ऑफ अटॉर्नी' तैयार की। इस फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर, आरोपियों ने जमीन को तीसरे पक्ष को बेचने के लिए समझौतों और समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए। पुलिस का आरोप है कि भडगे को पहचान की इस हेराफेरी की पूरी जानकारी थी और उन्होंने फर्जी पहचान का उपयोग करके बैंक खाते खोलने और भुगतान के झूठे रिकॉर्ड बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

# बीजेपी-शिवसेना में गठबंधन की तीसरी बैठक बेनतीजा

## 12 सीटों पर फंसा पेंच



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच गठबंधन को लेकर शनिवार को तीसरी महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। हालांकि, तीन घंटे तक चली लंबी चर्चा के बावजूद दोनों दलों के बीच तीन प्रभागों की 12 सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन सकी। सीटों के इस बंटवारे को लेकर जारी खींचतान के कारण गठबंधन का पेंच अब भी फंसा हुआ है, जिससे स्थानीय स्तर पर राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है।

### विवादित सीटों पर वरिष्ठ नेतृत्व लेगा अंतिम फैसला

बैठक के दौरान जिन 12 सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है, अब उनका फैसला दोनों दलों के वरिष्ठ नेता (मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस) करेंगे। सांसद नरेश म्हस्के ने विश्वास जताया है कि वरिष्ठ नेताओं की अंतिम बैठक में सभी मतभेदों को सुलझा लिया जाएगा और दोनों पक्ष एक-दूसरे को विश्वास में लेकर जल्द ही आधिकारिक गठबंधन की घोषणा करेंगे। बीजेपी जिलाध्यक्ष संदीप लेले ने भी पुष्टि की कि दोनों पक्षों ने अपने प्रस्ताव रखे हैं और विवादित सीटों पर अंतिम निर्णय आलाकमान द्वारा लिया जाएगा।

### गठबंधन के लिए शीर्ष नेतृत्व की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि चुनाव में गठबंधन होना ही चाहिए। हालांकि कुछ प्रभागों को लेकर स्थानीय स्तर पर अलग-अलग मतप्रवाह हैं, लेकिन गठबंधन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की कोशिशें जारी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ठाणे में दोनों दलों का एक साथ आना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, और सीटों का यह मामूली विवाद जल्द ही वरिष्ठ स्तर के हस्तक्षेप से सुलझने की उम्मीद है।

### वरिष्ठ स्तर पर चर्चा और स्थानीय नेताओं का रुख

गठबंधन को लेकर पिछले कुछ समय से स्थानीय नेताओं के बीच संवाद रुक गया था। इसी बीच, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके ठाणे स्थित निवास पर मुलाकात कर ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और नवी मुंबई में सीटों के तालमेल पर विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के बाद शनिवार को स्थानीय नेताओं की बैठक हुई, जिसमें शिंदे गुट की ओर से सांसद नरेश म्हस्के और पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, जबकि बीजेपी की ओर से विधायक निरंजन डावखरे और जिलाध्यक्ष संदीप लेले उपस्थित रहे।

# वार्ड 3 में कांग्रेस में संगठनात्मक समन्वय की चुनौती

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका चुनाव 2026 की तैयारियों के बीच कांग्रेस पार्टी के सामने संगठनात्मक संतुलन और समन्वय बनाए रखने की चुनौती सामने आ रही है। मनपा प्रभाग क्रमांक 3 को लेकर उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर पार्टी के भीतर चर्चा तेज है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमर झा ने कहा है



कि इस वार्ड को लेकर फैसला लेते समय मुंबई नेतृत्व को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

### वार्ड 3 : कांग्रेस का पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र

अमर झा के अनुसार, मनपा वार्ड क्रमांक 3 ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत क्षेत्र रहा है। पिछले चुनाव में आपसी मतभेद और बगावत के चलते पार्टी को यहां नुकसान उठाना पड़ा था। उनका कहना है कि यदि इस बार अनुभव से सबक लेते हुए सही रणनीति अपनाई जाए, तो कांग्रेस दोबारा मजबूती से वापसी कर सकती है।

### उम्मीदवारी चयन पर उठे सवाल

उत्तर मुंबई कांग्रेस में उम्मीदवार चयन को लेकर आंतरिक स्तर पर विमर्श चल रहा है। अमर झा ने यह भी कहा कि कुछ नेता, जो सीमित क्षेत्रों में चुनावी सफलता हासिल कर पाए हैं, अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुसार, टिकट वितरण में संतुलन और स्थानीय परिस्थितियों की समझ बेहद जरूरी है, ताकि पार्टी का सामूहिक हित सुरक्षित रह सके।

### स्थानीय नेताओं की भागीदारी पर जोर

झा ने सुझाव दिया कि वार्ड 3 जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में निर्णय लेते समय स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद और फीडबैक लिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की राय को महत्व देकर ही कांग्रेस इस सीट को बरकरार रख सकती है और संगठन को और मजबूत बना सकती है।

# नवाब मलिक के परिवार के 3 सदस्य मैदान में

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) चुनावों में पूर्व मंत्री नवाब मलिक के परिवार के तीन सदस्यों को मैदान में उतारने के लिए तैयार है। नवाब मलिक की बेटी सना मलिक के अनुसार, पार्टी मलिक के भाई कप्तान मलिक, बहन डॉ. सईदा खान और कप्तान मलिक की बहू बुशरा नदीम मलिक को मुंबई के विभिन्न वार्डों से उम्मीदवार बनाएगी। इस फैसले ने सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन, विशेष रूप से भाजपा के भीतर एक नई राजनीतिक बहस और बेचैनी पैदा कर दी है।



### वार्डों का चयन और आरक्षण का गणित

उम्मीदवारों के चयन का विवरण देते हुए सना मलिक ने स्पष्ट किया कि कप्तान मलिक वार्ड नंबर 165 से चुनाव लड़ेंगे, जबकि डॉ. सईदा खान वार्ड नंबर 168 से मैदान में उतरेंगी। कप्तान मलिक पहले वार्ड नंबर 170 का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन अब वह वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया है। इसी कारण उनकी बहू बुशरा मलिक को वार्ड नंबर 170 से टिकट दिया गया है। कप्तान मलिक और सईदा खान दोनों ही पूर्व नगरसेवक रह चुके हैं और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।

### भाजपा की आपत्ति और एनसीपी का कड़ा रुख

नवाब मलिक को बीएमसी चुनाव में अहम भूमिका दिए जाने पर भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि चुनाव मलिक के नेतृत्व में लड़े जाते हैं, तो वह एनसीपी के साथ नहीं चलेगी। भाजपा की इन आपत्तियों के बावजूद, अजित पवार की एनसीपी अपने फैसले पर अडिग है और उसने बीएमसी चुनाव की पूरी जिम्मेदारी नवाब मलिक को ही सौंपी है। यह रुख गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

भाजपा की आपत्तियों पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कुछ दिन पहले कहा था कि यह पार्टी का विशेषाधिकार है कि वह चुनाव प्रभारी किसे नियुक्त करे। तटकरे ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि पार्टी के आंतरिक मामलों में कोई और शर्तें नहीं थोप सकता। एनसीपी का यह बयान दर्शाता है कि पार्टी चुनाव के लिए अपनी स्वतंत्र रणनीति बनाने और अपने नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### परिवारवाद के आरोपों पर सना मलिक का जवाब

सना मलिक ने राजनीति में परिवारवाद के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने 2017 के बीएमसी चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि जब अणुशक्ति नगर निर्वाचन क्षेत्र का एक वार्ड खुली श्रेणी की महिला के लिए आरक्षित था, तब उनके पिता नवाब मलिक ने परिवार के बजाय एक अन्य कार्यकर्ता को टिकट दिया था।

### अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी और रणनीति

सना मलिक ने यह भी संकेत दिया कि एनसीपी बीएमसी चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हमारे वरिष्ठ नेताओं ने हमें अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा है। अगर ऐसा होता है, तो मेरे परिवार के ये तीन सदस्य एनसीपी के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे।

# 10 दिनों में हटाए गए 8 हजार से अधिक पोस्टर और बैनर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और संतुलन बनाए रखने के लिए आदर्श आचार संहिता को कड़ाई से लागू कर रही है। चुनाव अवधि के दौरान शहर में कहीं भी अवैध विज्ञापन बोर्ड, पोस्टर, झंडे या स्टिकर दिखाई न दें, इसके लिए नगर निगम ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के तहत अब तक लगभग ८.३ हजार प्रचार सामग्री हटाई गई है, जिसमें सबसे अधिक ५,१२८ विज्ञापन बोर्ड (बैनर) शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आचार संहिता के पालन के लिए यह कार्रवाई आने वाले समय में भी निरंतर जारी रहेगी।

### सार्वजनिक और सरकारी स्थलों पर विशेष निगरानी

राज्य चुनाव आयोग द्वारा 15 दिसंबर को चुनाव की घोषणा के साथ ही मुंबई में आचार संहिता लागू हो गई थी। बीएमसी के लाइसेंस विभाग ने पहले ही दिन से प्रमुख चौराहों, मुख्य सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी इमारतों के आसपास लगे अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों को हटाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नियमों का पालन कराना है, बल्कि राजनीतिक दलों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करना भी है।

### 10 दिनों के भीतर हुई बड़ी कार्रवाई के आंकड़े

15 से 25 दिसंबर के बीच मात्र 10 दिनों की अवधि में, नगर निगम ने कुल 8, *26 नियम विरुद्ध सामग्री जब्त की। इसमें 5,128 बैनर, 1,07* पोस्टर और 1,128 झंडे शामिल हैं। कार्रवाई के आंकड़ों से पता चलता है कि इनमें से 7,651 सामग्रियां सार्वजनिक स्थानों पर लगाई गई थीं, जबकि निजी संपत्तियों पर लगे अवैध विज्ञापनों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, शहर का सौंदर्यीकरण बिगाड़ने वाली 1,8*2 अन्य वस्तुओं को भी हटाया गया है, जिसमें आचार संहिता लागू होने के शुरुआती 72 घंटों के भीतर ही 7,809 सामग्रियों पर कार्रवाई पूरी कर ली गई थी।

# बुजुर्ग महिला से 36 लाख की धोखाधड़ी




**मुंबई।** एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ लाखों की धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने सोनल शाह और उनके पति नितिन शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इस दंपत्ति ने दादर स्थित बुजुर्ग महिला की संपत्ति बेचने में मदद करने और उन्हें विश्वास में लेने के बहाने कुल 36.07 लाख रुपये की ठगी की है।

### वकील बनकर जीता पीड़िता का विश्वास

एफआईआर के अनुसार, मानखुर्द के लल्लूभाई कंपाउंड की रहने वाली शिकायतकर्ता सुनंदा मनोहर जाधव पिछले चार वर्षों से गंभीर बीमारी के कारण अपने भाई के साथ रह रही थीं। उनका दादर (पूर्व) में दादा साहेब फाल्के रोड पर एक फ्लैट था। साल 2021 में जब उन्होंने संपत्ति बेचने की इच्छा जताई, तो उनकी भतीजी ने उनकी मुलाकात सोनल शाह से कराई, जिसने खुद को वकील बताया और अपने पति के साथ मिलकर पीड़िता का भरोसा जीत लिया।

### घर बेचने के बहाने दस्तावेजों पर कराए हस्ताक्षर


आरोपियों ने सुनंदा जाधव को आश्वासन दिया कि वे उनका दादर वाला घर 28 लाख रुपये में बिकवा देंगे और उन्हें अपनी मां की तरह रखने का वादा किया। उन्हें उर्मिला दलाल नामक महिला से मिलवाया गया और चर्चगेट के एक कार्यालय में कई दस्तावेजों पर जाधव से हस्ताक्षर कराए गए। सौदे के तहत उर्मिला ने 20 लाख रुपये का चेक दिया, जबकि शेष 8 लाख रुपये शाह दंपत्ति ने अपने पास रख लिए और बाद में भुगतान करने का वादा किया। शिकायत में आगे कहा गया है कि आरोपी दंपत्ति जाधव को अपने मलाड स्थित आवास पर ले गए और उन्हें दहिसर में एक बड़ा घर खरीदने के लिए निवेश करने हेतु राजी किया।

# फर्जी टीसी गिरफ्तार

**मुंबई।** मध्य रेलवे की तपोवन एक्सप्रेस में खुद को टिकट निरीक्षक (टीसी) बताकर यात्रियों के टिकट जांच रहा एक युवक असली टिकट परीक्षक की सतर्कता से पकड़ा गया। आरोपी को तुरंत रेलवे पुलिस (जीआरपी) के हवाले कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान सुरेंद्र राजेंद्र मौर्या (27) के रूप में हुई है।

रेलवे पुलिस के अनुसार यह घटना 25 दिसंबर की शाम कसारा रेलवे स्टेशन पर सामने आई। मनमाड में पदस्थ प्रधान टिकट परीक्षक अरविंद कुमार साहनी तपोवन एक्सप्रेस में मनमाड से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) तक ड्यूटी पर थे। रात करीब 7.40 बजे, जब ट्रेन कसारा स्टेशन पर रुकी थी, तभी एक यात्री ने डी-एस कोच में फर्जी टीसी द्वारा टिकट जांच किए जाने की सूचना दी।

### आईडी न दिखा सका, जीआरपी ने किया गिरफ्तार



सूचना मिलते ही प्रधान टिकट परीक्षक साहनी अपने सहकर्मी के साथ संबंधित कोच में पहुंचे, जहां युवक यात्रियों के टिकट जांचता मिला। रेलवे का अधिकृत पहचान पत्र मांगने पर वह कोई वैध आईडी नहीं दिखा सका। इसके बाद आरोपी को कल्याण रेलवे स्टेशन लाकर जीआरपी के हवाले कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सपा ने जारी की 21 उम्मीदवारों की पहली सूची

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका चुनाव अपने दम पर लड़ने की तैयारी कर रही कांग्रेस को समाजवादी पार्टी ने बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। सपा ने मुंबई में 150 से अधिक उम्मीदवार उतारने की घोषणा करते हुए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी पहले ही साफ कर चुके हैं कि सपा सभी वार्डों में मजबूती से चुनाव लड़ेगी।



### पूरी ताकत से मैदान में सपा

सपा के प्रमुख महासचिव मेराज सिद्दीकी के अनुसार पार्टी पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी और जल्द ही उम्मीदवारों की अगली सूची भी घोषित की जाएगी। पार्टी नेतृत्व का दावा है कि इस बार बीएमसी चुनाव में सपा की मौजूदगी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली होगी।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज

सपा महासचिव मोहम्मद फारूक घोसी का दावा है कि पार्टी के 100 से अधिक उम्मीदवारों की सूची तैयार है और करीब 30 सीटों पर सपा की जीत तय मानी जा रही है। वहीं कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि लोकतंत्र में सभी दलों को चुनाव लड़ने का अधिकार है और जनता सांप्रदायिक ताकतों को पहचानती है। ऐसे में बीएमसी चुनाव में सपा की रणनीति कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है।

### कांग्रेस की रणनीति और बढ़ती चिंता

कांग्रेस की चुनावी रणनीति मुख्य रूप से मुस्लिम और प्रवासी उत्तर भारतीय मतदाताओं पर टिकी हुई है। पार्टी को आशंका है कि मुंबई के मुस्लिम मतदाताओं में 70 प्रतिशत से अधिक हिंदी भाषी हैं, जिनमें सपा की मजबूत पकड़ मानी जाती है। सपा के अलग चुनाव लड़ने से कांग्रेस को 2024 के विधानसभा चुनाव में भी नुकसान झेलना पड़ा था।

### मुस्लिम मतों पर निर्णायक असर

मुंबई में 20 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं और बीएमसी की 227 सीटों में से लगभग 45 सीटों पर मुस्लिम वोटरों का प्रभाव माना जाता है। करीब 30 सीटों पर हार-जीत का सीधा फैसला मुस्लिम मतों पर निर्भर करता है। 2017 के बीएमसी चुनाव में 31 मुस्लिम नगरसेवक चुने गए थे, जिनमें से छह समाजवादी पार्टी से थे।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में सुरक्षा जांच अभियान

# अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर 59 प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई

16 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका के अग्निशमन विभाग ने नए साल के स्वागत समारोहों को देखते हुए शहर में 'विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान' शुरू किया है। इस मुहिम के तहत मुंबई के होटलों, रेस्टोरेंट, पब और बार जैसी व्यावसायिक जगहों पर अग्नि सुरक्षा नियमों की कड़ाई से जांच की जा रही है। २२ से २६ दिसंबर के बीच कुल १२२१ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई




जांच के दौरान यह पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों ने अग्नि सुरक्षा संबंधी अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं किया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने वाले 59 प्रतिष्ठानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है, जबकि 20 अन्य संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बीएमसी ने स्पष्ट किया है कि 'महाराष्ट्र अग्नि निवारण एवं जीवन सुरक्षा उपाय अधिनियम 2006' के प्रावधानों के तहत उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी जो सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरत रहे हैं।

# एआईएमआईएम ने उम्मीदवारों की जारी की लिस्ट

## परभणी-लातूर-अहिल्यानगर से भी उतारे कैंडिडेट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने अपनी चुनावी रणनीति को औपचारिक रूप से आगे बढ़ा दिया है। पार्टी ने पहली उम्मीदवार सूची जारी करते हुए सात प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि एआईएमआईएम इस बार स्थानीय निकाय चुनाव को गंभीरता से लड़ने की तैयारी में है।



### अन्य नगर निकायों में भी एआईएमआईएम की सक्रियता

बीएमसी के अलावा एआईएमआईएम ने महाराष्ट्र के अन्य स्थानीय निकाय चुनावों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की है। अहमदनगर, लातूर और परभणी में प्रत्याशी उतारकर पार्टी ने राज्य स्तर पर अपनी राजनीतिक मौजूदगी मजबूत करने का संकेत दिया है, जिससे स्पष्ट है कि AIMIM केवल मुंबई तक सीमित न रहकर पूरे महाराष्ट्र में अपना आधार विस्तार करना चाहती है।

### सामाजिक संतुलन पर फोकस

पार्टी ने वार्ड 139 से शबाना मोहम्मद आतिफ शेख को महिला उम्मीदवार और वार्ड 140 से विजय तातोबा उबाले को अनुसूचित जाति (SC) वर्ग से टिकट देकर सामाजिक प्रतिनिधित्व को साधने का प्रयास किया है। उम्मीदवार चयन में महिला, ओबीसी और एससी वर्ग को शामिल कर एआईएमआईएम ने संतुलित सामाजिक संदेश देने की कोशिश की है।

### मानखुर्द-शिवाजीनगर से सात उम्मीदवार मैदान में

एआईएमआईएम ने मानखुर्द-शिवाजीनगर विधानसभा क्षेत्र (171) के अंतर्गत आने वाले वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। वार्ड 134 से मेहजबीं अतीक अहमद खान, वार्ड 135 से खान इरशाद असलम अली, वार्ड 136 से मोहम्मद जमीर मोहम्मद मुर्तुजा कुरैशी, वार्ड 137 से शमीर रमजान पटेल और वार्ड 138 से रोशन इरफान शेख को उम्मीदवार बनाया गया है।

### ओवैसी के निर्देश पर पहली सूची जारी

यह उम्मीदवार सूची एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के निर्देश पर जारी की गई है। राजनीतिक हलकों में इसे मुंबई के नगर निगम चुनावों में पार्टी की संगठित और सुनियोजित एंट्री के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व की सीधी निगरानी में उम्मीदवारों का चयन किया गया है।


**पश्चिम रेलवे**

**स्ट्रिपिंग, पुनः फिटिंग, मरम्मत, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य**

पश्चिम रेलवे के उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू),कैरेज रिपेयर कार्यशाला,एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 **ई-निविदा सूचना संख्या:EL/WA/PL/2025-26/05R दिनांक: 22.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम-** ईडीटीएस-328 के अनुसार तथा कार्य-क्षेत्र एवं दरों की अनुसूची के अंतर्गत नॉन-एसी एलएचबी कोचों के अंडरफ्रेम में स्थापित 750 वोल्ट फीडर जंक्शन बॉक्स का खोलने (स्ट्रिपिंग), पुनः फिटिंग, मरम्मत, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत-** 35,70,837.36 **ईएमडी-** 71,400/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 20.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 20.01.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधिक जानकारी हेतु इच्छुक निविदादाता विस्तृत विवरण एवं निविदा दस्तावेज हेतु ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in देखें। 0943

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**स्ट्रिपिंग-फिटिंग या प्रतिस्थापन कार्य**

**निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/एसएनपीडी/350/25-26/51**

**कार्य का विवरण:** ईएमयू/डीईएमयू/एमईएमयू स्टॉक के विभिन्न न्यूमैटिक आइटमों/उप-असेंबलियों का खोलना-लगाना (स्ट्रिपिंग-फिटिंग) अथवा प्रतिस्थापन कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 7505779.4 **ई एम डी:** रु. 150100 **निविदा प्रपत्र का शुल्क:** Nil **समापन अवधी:** 12 महीने **निविदा जमा करने की तिथि एवं अवधी:** 15/01/2026, 13:30 बजे तक **बोली शुरू करने की तारीख:** 01/01/2026 टेंडर केवल ई टेंडरिंग में वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है।

समंविअ/पीओएच/सानपाडा 778

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**इंस्टॉलेशन के हिस्से की सप्लाई और इरेक्शन**

**खुली ई-निविदा सूचना क्र. कुर्ला-आर एस-वर्क्स-2025-12 दि. 22.12.2025.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च. स्टा.) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई 400 070, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** एनेक्सर के अनुसार आधे दीर्घ वृत्ताकार/पैराबोलिक आकार में फ्लोर एल ई डी रोशनी वाले साइन/दिशा बोर्ड के माउंटिंग/साइड वॉल फिटिंग/रूफ हैंगिंग टाइप डिज़ाइन, निर्माण, डिस्प्ले और इंस्टॉलेशन के हिस्से की सप्लाई और इरेक्शन। **कार्य की औसत लागत:** रु. 2,45,877/-(जीएसटी साहित) **बोली प्रतिभूति:** रु. 4,900/- **वैधता:** 60 दिन **समापन अवधि:** 02 महीने। **अनुदेश:** 1. उपरोक्त निविदा 13.01.2026 को 11:00 बंद हो जायेगी तथा उसके बाद 11.15 को खोली जाएगी। 2. भावी निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि निविदा के विवरण एवं शुद्धीपत्र (यदि कोई हो तो) की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. निविदाकर्ता केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपरोक्त ई-निविदा में भाग ले सकते हैं और ई-निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत किए जाने पर न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। 4. आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च. स्टा) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई-400 070 से संपर्क कर सकते हैं। 5. औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी फर्म को ऊपर वर्णित बोली सुरक्षा के भुगतान से छूट दी जाएगी। श्रम सहकारी समितियां ऊपर वर्णित उपरोक्त बोली सुरक्षा का केवल 50% ही जमा करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जीसीसी कार्य 2022 या इसके नवीनतम संशोधन देखें। 6. यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

स.मं.वि.इं.(क.च.स्टा) 774

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**जनवरी 2026 माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक, स्क्रैप की बिक्री : जनवरी 2026 माह में निम्नानुसार नीलामी करेंगें:

**सूचना:** भविष्य मे माह की ई-नीलामी कार्यक्रम का प्रकाशन समाचार पत्रिका मे बंद कर दिया जायेगा। तब खरिदार मध्य रेल्वे की वेब साईट www.ireps.gov.in पर माह की ई-नीलामी का कार्यक्रम देख सकते है। **जनवरी - 2026 माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है :**

| नीलामी आयोजन करने वाले अधिकारी | मूल नीलामी तिथि एवं दिन | | | | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक नागपुर | 01.01.2026 गुरुवार | 08.01.2026 गुरुवार | 15.01.2026 गुरुवार | 23.01.2026 शुक्रवार | 7219612750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक भुसावल और मनमाड डिपो | 05.01.2026 सोमवार | 12.01.2026 सोमवार | 19.01.2026 सोमवार | 27.01.2026 मंगलवार | 7219611751 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक पुणे | 06.01.2026 मंगलवार | 13.01.2026 मंगलवार | 20.01.2026 मंगलवार | 28.01.2026 बुधवार | 7219613750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई | 07.01.2026 बुधवार | 14.01.2026 बुधवार | 21.01.206 बुधवार | 29.01.2026 गुरुवार | 8828119750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक सोलापुर | 08.01.2026 गुरुवार | 15.01.2026 गुरुवार | 22.01.2026 गुरुवार | 30.01.2026 शुक्रवार | 7219614750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक(एम) परेल वरि. सामुग्री प्रबंधक (जी) करी रोड के लिये | 06.01.2026 मंगलवार | 13.01.2026 मंगलवार | 20.01.206 मंगलवार | 28.01.2026 बुधवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल | 06.01.2026 मंगलवार | 13.01.2026 मंगलवार | 20.01.2026 मंगलवार | 28.01.2026 बुधवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (सीडब्ल्यूई) माटुंगा | 05.01.2026 सोमवार | 12.01.2026 सोमवार | 19.01.2026 सोमवार | 27.01.2026 मंगलवार | 8828119770 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई, सहा. सामुग्री प्रबंधक हाजीबंदर डिपो के लिये | 07.01.2026 बुधवार | 14.01.2026 बुधवार | 21.01.2026 बुधवार | 29.01.2026 गुरुवार | 8828119750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एसीएल) भुसावल | 08.01.2026 गुरुवार | 15.01.2026 गुरुवार | 22.01.2026 गुरुवार | 30.01.2026 शुक्रवार | 7219611750 |

**सूचना:** यदि आवश्यक हो, तो पात्र लॉट्स के लिए पूरक नीलामी मूल तिथि के अगले कार्य दिवस पर आयोजित की जाएगी। रेल्वे प्रशासन को किसी भी पूरक नीलामी को अपने विवेकानुसार रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य निर्देश: क)** रेलवे को किसी भी लॉट को ई-नीलमी से हटाने का अधिकार है। रेलवे को किसी भी डिपो/डिवीजन के लॉट को किसी भी उपयुक्त तरीके से आगामी नीलामी में शामिल करने का अधिकार भी सुरक्षित है। किसी भी डिपो/डिवीजन के अप्रयुक्त लॉट्स को केंद्रीय रेलवे के अन्य डिपो/डिवीजन की आगामी नीलामी में बेचा जा सकता है। **ख)** भारत सरकार की नीति के अनुसार, जहां स्क्रैप सामग्री के पुनर्चक्रण में पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित मुद्दे शामिल है, ऐसे लॉट्स केवल उन्हीं प्राधिकृत बोलीकर्ताओं को बेचे जाएंगे जिनके पास केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। **ग)** ई-नीलामी पुस्तिका www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी। **घ)** यदि ई-नीलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया या भागीदारी से संबंधित किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया उपरोक्त संबंधित नीलामी अधिकारियों या **उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक, बिक्री/मुख्यालय** से संपर्क करें। **मोबाइल:** 8828110761 **ई-मेल:** dycmm.s.cstm@gmail.com / dycmms@cr.railnet.gov.in है।

कृते प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक 773

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

संपादकीय

# न्याय-अन्याय के बीच

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं। बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बैंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने इस जमानत को निराशाजनक बताया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के सामने आने में दस माह लगे थे। मामले के तूल पकड़ने पर पीड़िता के पिता पर हमला हुआ था। उन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था और पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जमानत की अवधि में सेंगर सर्वाइवर के पांच किमी के दायरे में नहीं आएंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। उसे हर सोमवार पुलिस के समक्ष रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी कि किसी भी शर्त के उल्लंघन में जमानत रद्द कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने ट्रायल कोर्ट में दुराचार के लिये दोषी ठहराने वाले फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, उसके खिलाफ बलात्कार, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप लगे। साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े चार मामलों की सुनवाई दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इस बीच रायबरेली जाते समय पीड़िता की कार को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिसमें उनकी दो मौसियों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि ट्रायल कोर्ट ने दुराचार के मामले में सेंगर को दोषी ठहराते हुए न केवल आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी बल्कि निर्देश दिया था कि सीबीआई सर्वाइवर और उसके परिवार के जीवन व स्वतंत्रता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। इतना ही नहीं ट्रायल कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेंगर के सार्वजनिक सेवक होने के बावजूद अपराध करने को अनैतिक बताया था। जो जनता का विश्वास तोड़ने वाला है। वहीं कानून के जानकार मानते हैं कि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर को दस साल की सजा हुई थी, अतः अभी उसके जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। लेकिन इस जमानत के फैसले ने न्याय व अन्याय के सवाल को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा किया है।

शख्सियत | धीरूभाई अंबानी

## साधारण शुरुआत से असाधारण साम्राज्य तक



धीरजलाल हीराचंद अंबानी, जिन्हें देश दुनिया धीरूभाई अंबानी के नाम से जानती है, भारतीय उद्योग जगत के उन विरले व्यक्तित्वों में शामिल हैं जिन्होंने सीमित संसाधनों से शुरुआत कर एक वैश्विक कारोबारी साम्राज्य खड़ा किया।

28 दिसंबर 1932 को गुजरात के जूनागढ़ जिले के चोरवाड़ गांव में जन्मे धीरूभाई अंबानी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि साहस, दूरदृष्टि और जोखिम उठाने की क्षमता किसी भी व्यक्ति को शिखर तक पहुंचा सकती है। धीरूभाई का प्रारंभिक जीवन अत्यंत साधारण रहा। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। शुरुआती शिक्षा गुजरात में हुई, लेकिन कम उम्र में ही वे रोजगार की तलाश में यमन के अदन चले गए। वहां उन्होंने पेट्रोल पंप पर नौकरी की और व्यापार की बारीकियों को समझा। यही अनुभव आगे चलकर उनके उद्यमी जीवन की नींव बना। वर्ष 1958 में वे भारत लौटे और मुंबई में रिलायंस कमर्शियल कॉरपोरेशन की स्थापना की, जो आगे चलकर रिलायंस इंडस्ट्रीज बनी। रिलायंस की शुरुआत महज 350 वर्ग फुट के छोटे से दफ्तर से हुई थी, लेकिन धीरूभाई की सोच बड़ी थी। उन्होंने पॉलिएस्टर यार्न और कपड़ा उद्योग में नए प्रयोग किए और आम निवेशकों को शेयर बाजार से जोड़ा। 1977 में रिलायंस को सार्वजनिक करना भारतीय कॉरपोरेट इतिहास का एक अहम मोड़ माना जाता है, क्योंकि इससे लाखों मध्यम वर्गीय निवेशकों को उद्योग जगत में हिस्सेदारी का अवसर मिला।

धीरूभाई अंबानी अपने आक्रामक कारोबारी अंदाज और जोखिम लेने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन पर बाजार में हेरफेर और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप भी लगे, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य एजेंसियों की जांच में रिलायंस या उसके प्रमोटरों के खिलाफ कोई अवैध कृत्य सिद्ध नहीं हुआ। आलोचनाओं के बावजूद धीरूभाई ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। व्यक्तिगत जीवन में धीरूभाई अपनी पत्नी कोकिलाबेन अंबानी और चार बच्चों—मुकेश, अनिल, नीना और दीप्ति—के प्रति बेहद समर्पित थे। 1986 में पहले स्ट्रोक के बाद उन्होंने अपने बेटों को कारोबार की जिम्मेदारी सौंप दी। 6 जुलाई 2002 को मुंबई में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और उद्यमशीलता की विरासत आज भी जीवित है। मरणोपरांत वर्ष 2016 में धीरूभाई अंबानी को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें अक्सर "आम आदमी का उद्योगपति" कहा जाता है। धीरूभाई अंबानी का जीवन भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा है कि बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस ही सफलता की असली कुंजी है।

# नववर्ष का स्वागत, देशभर में उमंग



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार





देश में नए साल के स्वागत की तैयारियां पूरे शबाब पर हैं। वर्ष 2025 के विदा होने और 2026 के आगमन को यादगार बनाने के लिए लोग अभी से योजनाएं बना चुके हैं। होटल बुकिंग, ट्रैवल प्लान, पार्टी पैकेज और विंटर कार्निवल की गहमागहमी ने पर्यटन स्थलों को जीवंत कर दिया है। महानगरों से लेकर पहाड़ी इलाकों तक, हर जगह जश्न का माहौल है। खासतौर पर ठंडे राज्यों की ओर पर्यटकों का रुझान इस बार कुछ ज्यादा ही नजर आ रहा है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी, कसौली, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे पर्यटन स्थल नए साल के जश्न के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। जैसे-जैसे 31 दिसंबर नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे होटलों, होम-स्टे और रिसॉर्ट्स में बुकिंग का दबाव बढ़ता जा रहा है। शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में होटल मालिकों और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के चेहरे खिले हुए हैं। पर्यटकों का कहना है कि पहाड़ों की ठंड, बर्फबारी का रोमांच, संगीत से सजी रातें और नए साल का पहला सवेरा किसी उत्सव से कम नहीं लगता। यही वजह है कि इस बार बड़ी संख्या में युवा, परिवार और कपल्स पहाड़ी इलाकों का रुख कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश इस समय देश के सबसे व्यस्त पर्यटन राज्यों में शामिल हो गया है। मनाली पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लाहौल-स्पीति के शिकुला दर्रा क्षेत्र में भी बर्फ देखने के लिए सैलानी पहुंच रहे हैं। शिमला ट्रैक पर चलने वाली पांचों ट्रेनों की बुकिंग लगभग फुल हो चुकी है, वहीं दिल्ली, अमृतसर, जयपुर और देहरादून जैसे शहरों के लिए फ्लाइट टिकट मिलना मुश्किल होता जा रहा है। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि यह साल के अंत का सबसे व्यस्त ट्रैवल सीजन है, जिसमें होटल, टैक्सी, गाइड और स्थानीय कारोबार सभी को बड़ा लाभ मिल रहा है। धर्मशाला, डलहौजी और शिमला में विंटर कार्निवल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी, स्थानीय संस्कृति की झलक, लोकनृत्य, संगीत कार्यक्रम और पारंपरिक व्यंजन इन आयोजनों की खास पहचान बन चुके हैं। मनाली और कसौली में न्यू ईयर पार्टियों का दौर पहले ही शुरू हो गया है। कई होटलों में लाइव म्यूजिक, डीजे नाइट और डिनर नाइट्स का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए खास पैकेज तैयार किए गए हैं, जिनमें ठहरने, खाने और मनोरंजन की सुविधाएं शामिल हैं। नए साल का जश्न अब हर साल बदलते दौर का रिवाज बनता जा रहा है। पहले जहां लोग अपने शहरों में ही सीमित दायरे में नया साल मनाते थे, वहीं अब ट्रैवल और टूरिज्म नए साल के उत्सव का अहम हिस्सा बन चुका है। खासतौर पर ठंडे प्रदेशों में 30 और 31 दिसंबर की बुकिंग पहले से शुरू हो जाती है। एडवांस बुकिंग का फायदा यह है कि पर्यटकों को कमरे के लिए मारामारी नहीं करनी पड़ती और वे आराम से अपने प्रवास का आनंद ले पाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटन के बढ़ते दबाव को देखते हुए बड़ी संख्या में होम-स्टे खुले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्षों में हिमाचल प्रदेश में करीब चार हजार से अधिक होम-स्टे पंजीकृत हुए हैं। इससे न सिर्फ पर्यटकों को ठहरने की सुविधा मिली है, बल्कि स्थानीय लोगों की आय के नए स्रोत भी खुले हैं। इस कारण अब कमरों की भारी किल्लत जैसी स्थिति नहीं बन रही है, हालांकि लोकप्रिय स्थानों पर अच्छे होटलों की बुकिंग जल्दी फुल हो जाती है। किराये की बात करें तो शिमला में होटल का किराया एक हजार से लेकर दस हजार रुपये तक पहुंच चुका है। मनाली में यह रेंज बारह सौ रुपये से शुरू होकर दस हजार रुपये तक है। धर्मशाला में एक हजार से दस हजार, डलहौजी में एक हजार से आठ हजार और कसौली में बारह सौ से लेकर बारह हजार रुपये तक कमरे उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कई स्थानों पर आखिरी समय में कमरे मिलना मुश्किल हो रहा है। यह साफ संकेत है कि इस बार नए साल के जश्न के लिए पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। मौसम का मिजाज भी इस समय पर्यटन के अनुकूल बना हुआ है। देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी ने सैलानियों का उत्साह और बढ़ा दिया है। बर्फ से ढके पहाड़, देवदार के जंगल और ठंडी हवाओं के बीच नए साल का स्वागत करना लोगों के लिए खास अनुभव बन रहा है। यही वजह है कि हिमालयी प्रदेशों में नए साल के जश्न का माहौल सबसे ज्यादा नजर आ रहा है। हालांकि, इस जश्न के बीच जिम्मेदारी का संदेश भी जरूरी है। प्रशासन और सामाजिक संगठनों की ओर से युवाओं से अपील की जा रही है कि वे शराब और नशे से दूर रहकर सुरक्षित और सभ्य तरीके से नए साल का स्वागत करें। जश्न मनाना बुरा नहीं है, लेकिन बुरी आदतों से परहेज करना जरूरी है। कई पर्यटन स्थलों पर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो और पर्यटक बेफिक्र होकर आनंद ले सकें। नए साल का इंतजार कर रहे पर्यटक सिर्फ पार्टी ही नहीं, बल्कि सुकून और यादगार पलों की तलाश में भी हैं। पहाड़ों की शांति, ठंडी सुबह की धूप, स्थानीय लोगों की मेहमाननवाजी और प्रकृति के करीब बिताए गए पल उन्हें साल भर की भागदौड़ से राहत देते हैं। यही कारण है कि नए साल का जश्न अब केवल एक रात का उत्सव नहीं रह गया, बल्कि यह कुछ दिनों की छुट्टियों और अनुभवों का संगम बन चुका है। कुल मिलाकर, देशभर में नए साल के स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह है। पहाड़ी राज्यों में पर्यटकों की बढ़ती भीड़, होटल और ट्रांसपोर्ट की फुल बुकिंग और विंटर कार्निवल की रंगीन तैयारियां इस बात का संकेत हैं कि 2026 का आगमन पूरे उल्लास और उमंग के साथ किया जा रहा है। जश्न जरूर मनाया जा रहा है, लेकिन उम्मीद यही है कि यह जश्न जिम्मेदारी, सुरक्षा और सकारात्मक सोच के साथ मनाया जाए, ताकि नया साल खुशियों और बेहतर भविष्य का संदेश लेकर आए।

जीवन मंत्र

# सृजन: अभिव्यक्ति से परे ऊर्जा का विस्फोट

आप जानते हैं कि सृजन तभी हो सकता है, जब ऊर्जा का विस्फोट होगा। ऊर्जा, जो कभी दूषित नहीं हुई है, वह किसी प्रयास, किसी इच्छा का प्रतिफल नहीं है, बल्कि वह ऊर्जा तो क्रिया स्वयं लाती है।

क्या आप जानते हैं कि सृजन क्या है? अभिव्यक्ति सृजन नहीं है। इसको समझना काफी सरल है। एक लेखक के रूप में; एक कवि के रूप में; एक संगीतकार के रूप में; एक कलाकार के रूप में आप जो अभिव्यक्त करना चाहते हैं, वह सृजन नहीं है। यह बिल्कुल अलग चीज है। आप जानते हैं कि सृजन तभी हो सकता है, जब ऊर्जा का विस्फोट होगा। ऊर्जा, जो कभी दूषित नहीं हुई है, वह किसी प्रयास, किसी इच्छा का प्रतिफल नहीं है, बल्कि वह ऊर्जा तो क्रिया स्वयं लाती है। और अब हमारी सारी गतिविधियां तो कमोबेश आत्मकेंद्रित हैं, विभिन्न चीजों को लेकर स्वकेंद्रित हैं; और कोई भी आत्मकेंद्रित गतिविधि निरपवाद रूप से विरोधाभासों को जन्म देती है। गौर कीजिए, विरोधाभास की स्थिति में होना अभिव्यक्ति की मांग करता है- मुझे इससे बचना चाहिए, मुझे इसके बारे में जरूर लिखना चाहिए, मुझे यह करना चाहिए। अब जो व्यक्ति आत्म-विरोधाभास की स्थिति में है, आत्मकेंद्रित गतिविधि की स्थिति में है, वह एक चित्रकार के रूप में, कवि के रूप में, कलाकार के रूप में या संगीतकार के रूप में जो कुछ अभिव्यक्त करता है, वह उसको सृजन कह सकता है, मगर ऐसा है नहीं। सृजन को तो असाधारण रूप से भिन्न होना चाहिए, और यह है। अब, जब मन को छुआ नहीं जाता है या विरोधाभास की पूरी संरचना, चेतन-अचेतन को समझ नहीं लिया जाता है, तो वह पूरी तरह से शांत है। याद रखिए, ऊर्जा की कोई भी गति क्षय है। यह तभी होता है, जब मन पूरी तरह से शांत होता है, जबरदस्त ऊर्जा के साथ तभी एक विस्फोट होता है और वह विस्फोट सृजन है, जिसको अभिव्यक्ति की आवश्यकता हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती है। तो जो मन डरता है, महत्वाकांक्षी है, लालची है, ईर्ष्यालु है, प्रतिस्पर्द्धी है, ऐसे मन में कभी भी वह ऊर्जा नहीं हो सकती, जो क्रिया द्वारा लाई जाती है। और जाहिर तौर पर ऐसा दिमाग कभी यह नहीं जान सकता कि प्रेम क्या है?




जीवन ऊर्जा | रतन नवल टाटा : जन्म 28 दिसंबर, 1937 | जन्म

## जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए उतार-चढ़ाव बहुत जरूरी

रतन नवल टाटा एक भारतीय उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 28 दिसंबर, 1937 में हुआ था। वे 1990 से 2012 तक टाटा समूह के अध्यक्ष भी थे। इसके साथ ही वे अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम अध्यक्ष के रूप में भी काम कर रहे थे। वे इसके धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रमुख हैं। 2000 में उन्हें पद्म भूषण प्राप्त करने के बाद, 2008 में, उन्हें भारत में दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण मिला। टाटा शिक्षा, चिकित्सा और ग्रामीण विकास के समर्थक हैं, और भारत में एक अग्रणी परोपकारी माने जाते हैं।

मैं सही फैसले लेने में यकीन नहीं रखता; बल्कि मैं फैसले लेकर, उन्हें सही साबित करता हूं। दुनिया में करोड़ो लोग मेहनत करते है। फिर भी सबको अलग-अलग परिणाम प्राप्त होते है। इस सब के लिए मेहनत करने का तरीका जिम्मेदार है। इसलिए व्यक्ति को मेहनत करने के तरीके में सुधार करना चाहिए। अगर आपको तेज चलना है, तो अकेले चलिए; लेकिन अगर दूर तक चलना है, तो साथ-साथ चलना होगा। उन सारे पत्थरों को अपने पास रख लें, जिसे लोग आप पर फेकते हैं और उन पत्थरों का प्रयोग एक मजबूत स्मारक बनाने में करे। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए उतार-चढ़ाव बहुत जरुरी हैं, क्योंकि ईसीजी में भी सीधी लाइन का मतलब होता है कि हम जिंदा नहीं हैं। हो सकता है कि मेरे निर्णयों से कई लोग दुःखी हो; लेकिन मैं उस व्यक्ति के रूप में पहचाना-जाना चाहता हूं जिसने कभी किसी भी परिस्थिती में सही काम को सही ढ़ग से करने के लिए समझौता नहीं किया।



सत्ता और धन मेरे दो प्रमुख सिद्धांत नहीं हैं। ऐसी कई चीजें हैं, जो अगर मुझे दोबारा जीने के मौका मिले तो शायद मैं अलग ढंग से करूंगा। लेकिन मैं पीछे मुड़कर ये नहीं देखना चाहूंगा कि मैं क्या नहीं कर पाया। मैं हमेशा भारत के भविष्य की क्षमता के बारे में बहुत उत्साहित और विश्वस्त रहा हूं; मेरा मानना है कि यह महान क्षमताओं वाला एक महान देश है। दूसरों की नकल करने वाले व्यक्ति थोड़े समय के लिए सफलता तो प्राप्त कर सकते है; परंतु जीवन में बहुत आगे नहीं बढ़ सकते है। मैं लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कहता हूं कि प्रश्न पूछें, नए विचारों पर बात करें, नई तकनीक और नए आईडिया के बारें बेझिझक आगे आएं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# पराक्रम की मिसाल

लक्ष्मण जी की यह कथा अद्वितीय त्याग अपार शक्ति और उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है। यह न केवल पौराणिक महत्व रखती है, बल्कि एक प्रेरणा भी है कि जब संकल्प मजबूत हो तो असंभव भी संभव हो जाता है। आइए इस कथा को विस्तार से समझते हैं। जब भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण जी 14 वर्षों के वनवास पर गए तो लक्ष्मण जी ने यह निश्चय किया कि वे अपने बड़े भाई और भाभी की हर स्थिति में रक्षा करेंगे। लेकिन यह साधारण कार्य नहीं था, क्योंकि वन के खतरों से दिन-रात सतर्क रहना अनिवार्य था। उन्होंने नींद की देवी निद्रा का आह्वान किया और उनसे विनती की-हे देवी मुझे यह वरदान दीजिए कि मैं 14 वर्षों तक एक पल के लिए भी न सोऊं। मुझे अपने भाई और माता सीता की सेवा और रक्षा के लिए सदैव जागृत रहना है। निद्रा देवी उनकी भक्ति और समर्पण से प्रभावित हुईं। उन्होंने लक्ष्मण जी को यह वरदान दिया और कहा कि हे लक्ष्मण मैं तुम्हारी यह इच्छा पूरी करती हूं, लेकिन इस वरदान के कारण जो नींद तुम्हें नहीं आएगी। वह किसी और को लेनी होगी। लक्ष्मण जी की पत्नी उर्मिला ने अपनी सहमति दी और कहा कि मैं इस तपस्या में तुम्हारे साथ हूं। मैं 14 वर्षों तक तुम्हारे हिस्से की नींद ले लूंगी, ताकि तुम निश्चिंत होकर अपनी जिम्मेदारी निभा सको। यह उर्मिला जी के त्याग और प्रेम का प्रतीक है जो उन्हें भी अमर कर देता है। लंका के महायुद्ध में रावण का पुत्र इंद्रजीत मेघनाद सबसे शक्तिशाली योद्धा था। उसे ऐसा वरदान प्राप्त था कि उसे केवल वही योद्धा मार सकता था जो 14 वर्षों तक जागा रहा हो। इंद्रजीत को देवताओं ने मेघनाद नाम दिया था, क्योंकि उसने स्वर्ग पर विजय प्राप्त की थी। इंद्रजीत की मायावी शक्तियां और अजेय होने का अभिमान रावण की सेना के लिए सबसे बड़ा सहारा था। जब इंद्रजीत ने युद्धभूमि में राम और लक्ष्मण पर ब्रह्मास्त्र चलाया और उन्हें बेहोश कर दिया तो सभी देवता चिंतित हो उठे। तभी हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी को पुनः जीवित किया। अब युद्ध का सबसे निर्णायक पल आ चुका था। इंद्रजीत ने अपनी मायावी शक्तियों से युद्धभूमि को धुएं और अंधकार से भर दिया। वह अदृश्य होकर युद्ध करता था, लेकिन लक्ष्मण जी के अपार धैर्य और दिव्य दृष्टि के सामने उसकी हर चाल विफल हो गई। लक्ष्मण जी ने इंद्रजीत को युद्धभूमि में चुनौती दी। वे जानते थे कि इंद्रजीत को हराना आसान नहीं होगा। जब इंद्रजीत ने अपना सबसे बड़ा अस्त्र चलाया तो लक्ष्मण जी ने भगवान श्रीराम का ध्यान करते हुए अपने बाण से उसे काट दिया। फिर लक्ष्मण जी ने इंद्रजीत का वध किया और यह सिद्ध कर दिया कि वे न केवल कर्तव्य के प्रति समर्पित हैं। इस वध के साथ यह भविष्यवाणी भी पूर्ण हुई कि इंद्रजीत को केवल वही व्यक्ति मार सकता है जो 14 वर्षों तक न सोया हो। लक्ष्मण जी ने अपने त्याग और तपस्या से यह सामर्थ्य अर्जित की थी। लक्ष्मण जी की यह कथा हमें सिखाती है कि जब आप किसी कार्य को पूरे समर्पण और संकल्प के साथ करते हैं, तो ब्रह्मांड भी आपकी सहायता करता है। उनका नींद त्यागना उर्मिला जी का त्याग और इंद्रजीत जैसे मायावी योद्धा का वध यह सब यह दर्शाता है कि सच्चा पराक्रम और त्याग किसी भी बाधा को पार कर सकता है।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार

उद्धव ठाकरे और उनकी सेना यूबीटी का असली चेहरा और चरित्र सामने आ गया है। सत्ता की लालसा में अगर वे वोटों की तुष्टीकरण नीति के तहत राष्ट्रविरोधी, धर्मविरोधी और मानवता विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों से गठबंधन करते हैं, तो जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।



-देवेंद्र फडणवीस
सीएम,महाराष्ट्र

विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने नकारात्मक प्रचार किया। बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों के जरिए मराठी लोगों के बीच फूट डालने की कोशिश की गई। अगर अब भी कोई गलती हुई तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अगर फिर बंटवारा हुआ तो हम खत्म हो जाएंगे।



-उद्धव ठाकरे
शिवसेना यूबीटी प्रमुख

इस मुद्दे पर अब कोई मतभेद नहीं है और महायुति गठबंधन बीएमसी की सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। इसके अलावा बाकी 27 सीटों के लिए फैसला सामने खड़े उम्मीदवार के आधार पर किया जाएगा।



-अमित साटम
भाजपा विधायक

राबड़ी देवी रात के अंधेरे में मकान क्यों खाली कर रही हैं, दिन के उजाले में क्यों नहीं, जनता और मीडिया से आप क्या छिपाना चाह रही हैं? यह भ्रष्टाचारी, अपराधी परिवार है। बंगला खाली करने का नोटिस मिला था,फिर फजीहत होने के बाद बंगला खाली किया जा रहा है।



-नीरज कुमार
नेता, भाजपा

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

# पांच सालों में प्रमुख शहरों में ट्रेनों की क्षमता होगी दोगुनी

▶▶ पश्चिम रेलवे के छह शहरों में क्षमता वृद्धि

▶▶ मुंबई, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, उज्जैन एवं इंदौर में यात्रा सुविधाओं में होगा विस्तार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

यात्रियों की यात्रा मांग में तेज और निरंतर वृद्धि को देखते हुए भारतीय रेल ने अगले पाँच वर्षों में प्रमुख शहरों से नई ट्रेनों के संचालन की क्षमता दोगुनी करने की योजना बनाई है। इसके तहत मौजूदा रेलवे अवसंरचना का चरणबद्ध, समयबद्ध और व्यापक उन्नयन किया जाएगा, ताकि भविष्य की जरूरतों को समय रहते पूरा किया जा सके।

वर्ष 2030 तक ट्रेनों की हैंडलिंग क्षमता दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ टर्मिनल विस्तार, अतिरिक्त प्लेटफॉर्म निर्माण, नई पिट लाइनें, स्टेबलिंग व होल्डिंग लाइनें, शंटिंग सुधार, सिग्नलिंग उन्नयन और मल्टी-ट्रैकिंग जैसे कार्यों की योजना बनाई गई है। यह समग्र योजना देश के 48 प्रमुख शहरों को कवर करती है, जिसे अगले पाँच वर्षों में चरणों में लागू किया जाएगा।

### पश्चिम रेलवे के छह प्रमुख शहर चिन्हित



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस राष्ट्रीय योजना के तहत पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, उज्जैन और इंदौर को क्षमता वृद्धि के लिए प्राथमिकता सूची में रखा है।

### नए टर्मिनल और आधुनिक सुविधाएं

जोगेश्वरी में तीन प्लेटफॉर्म वाला नया टर्मिनस निर्माणाधीन है, जिसके अगले वर्ष मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। वसई रोड पर भी दो नए प्लेटफॉर्म के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए नया टर्मिनस विकसित किया जा रहा है।

### मुंबई में लंबी दूरी की ट्रेनों पर विशेष फोकस

मुंबई क्षेत्र में पश्चिम रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने के लिए नए टर्मिनलों, अतिरिक्त लाइनों, प्लेटफॉर्म विस्तार और रखरखाव सुविधाओं के विकास पर काम कर रही है। वर्तमान में 44 लंबी दूरी की ट्रेनों के मुकाबले, अवसंरचनात्मक कार्य पूरे होने के बाद लगभग 65 अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की योजना है, साथ ही प्रतिदिन करीब 70 कोच बढ़ाने का प्रस्ताव भी है। भीड़ कम करने के लिए मुंबई सेंट्रल–दहानू रोड सेक्शन पर करीब 6857 करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। मुंबई सेंट्रल–बोरीवली छठी लाइन, बोरीवली–विरार 5वीं और 6वीं लाइन तथा विरार–दहानू रोड 3री और 4थी लाइन परियोजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं। इनके पूरा होने से उपनगरीय और मुख्य लाइन यातायात का बेहतर पृथक्करण संभव होगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### एमबीएमसी ने वीर साहिबजादों की शहादत को किया नमन



**भाईंदर।** मीरा भाईंदर मनपा मुख्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमबीएमसी मुख्यालय की दूसरी मंजिल पर साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फ़तेह सिंह की तस्वीर पर प्रमुख अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। हर साल 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह जी के दो सबसे छोटे पुत्रों की शहादत को याद करते हुए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। एमबीएमसी के मुख्य लेखा परीक्षक सुधीर नकाडी ने कहा कि चार साहिबज़ादों की शहादत कभी नहीं भूली जा सकती। उन्होंने बताया कि वीर साहिबज़ादों ने पूरी दुनिया को धर्म और देशभक्ति का महत्व समझाया। उनके अमर बलिदान को इतिहास हमेशा याद रखेगा और युवा पीढ़ी के लिए वे सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में सहायक उपायुक्त दत्तात्रेय वरकुटे, आयुक्त सचिव महेश भोसले सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मासिक धर्म अवकाश की मांग महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**मुंबई।** महिला शिक्षकों के लिए विशेष अवकाश की अपील महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की है कि मासिक धर्म (पीरिएड्स) के दौरान होने वाले मानसिक और शारीरिक कष्ट को ध्यान में रखते हुए महिला कर्मचारियों को छुट्टी दी जानी चाहिए। संगठन ने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र जैसे आर्थिक रूप से सक्षम राज्य में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता की कमी होना महिलाओं का अपमान है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, एकनाथ शिंदे और शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर महिला शिक्षकों की इस लंबित मांग को पूरा करने का आग्रह किया है। शिक्षक परिषद ने अपने पत्र में कर्नाटक सरकार के निर्णय का उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कर्नाटक ने महिला कर्मचारियों को मासिक धर्म के दौरान छुट्टी देने का अधिकार दिया है। ऐसा व्यापक नीतिगत निर्णय लेने वाला कर्नाटक देश का पहला राज्य बन गया है। संगठन ने आलोचना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में यह विषय अभी भी केवल चर्चा के स्तर पर ही सीमित है, जबकि इसे लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है।

## सीएम भजनलाल से जयपुर में मिले मुंबई व ठाणे के राजस्थानी वासी



**मुंबई।** राजस्थानी प्रवासी दिवस के अवसर पर मुंबई और ठाणे के राजस्थानी समुदाय के प्रमुख प्रतिनिधियों ने जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस मुलाकात में राजस्थान के प्रति प्रवासी राजस्थानियों का भावनात्मक जुड़ाव, सांस्कृतिक लगाव और मातृभूमि से अटूट रिश्ता साफ नजर आया। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भाइयों को राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जयपुर में पहली बार आयोजित राजस्थानी प्रवासी दिवस कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का विकास केवल राज्य में रहने वालों से नहीं, बल्कि दुनिया भर में बसे प्रत्येक राजस्थानी के योगदान से संभव है।

### मुंबई–ठाणे प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर राजस्थान फ़ाउंडेशन (मुंबई) के अध्यक्ष गणपत कोठारी, उपाध्यक्ष डॉ. सुमन अग्रवाल सहित मुंबई और ठाणे के कई प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे। डॉ. सुमन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया और 5 मार्च 2026 को मुंबई के नेहरू ऑडिटोरियम में प्रस्तावित विराट कवि सम्मेलन का औपचारिक आमंत्रण भी दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया।

## बैनर और सोशल मीडिया के ज़रिए वोटर जागरूकता अभियान

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**




मनपा के सार्वजनिक आम चुनावों को देखते हुए शहर में वोटर जागरूकता का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों, बस स्टैंड और डिजिटल बिलबोर्ड के माध्यम से नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ठाणे मनपा के आम चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने हैं, इसलिए मनपा आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के मार्गदर्शन में अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर वोटर जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

### डिजिटल मीडिया से सक्रिय सहभागिता

डिजिटल मीडिया के प्रभाव को देखते हुए नागरिकों से अपील की जा रही है कि वह 15 जनवरी 2026 को सुबह 7.30 से शाम 5.30 बजे तक मनपा के फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया चैनलों और शहर के डिजिटल बैनरों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग गर्व के साथ करें। अभियान का उद्देश्य ठाणे के सभी वोटरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उनके मत का महत्व समझाना है।

**उल्हासनगर मनपा चुनाव**

## नामांकन दाखिल करने के चौथे दिन तक कुल 3500 आवेदन बिके

▶▶ 4 दिन में दाखिल किए गए केवल 3 आवेदन



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा आम चुनाव 2025 का बिगुल बजते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राज्य चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर से नामांकन पत्रों की स्वीकृति शुरू हो चुकी है। शनिवार, 27 दिसंबर को विभिन्न रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालयों से कुल 275 नामांकन पत्र बिके, जबकि 3 उम्मीदवारों ने व्यक्तिगत रूप से नामांकन दाखिल किया। अब तक शहर में लगभग 3500 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है, जिससे चुनावी उत्साह साफ झलक रहा है।

### 30 दिसंबर तक बढ़ेगी चुनावी हलचल

चुनाव विभाग के मुताबिक नामांकन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025 है। अंतिम तिथि नजदीक आते ही सोमवार और मंगलवार को नामांकन के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। सहायक आयुक्त (चुनाव) गणेश शिम्पी ने बताया कि प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अंतिम दिनों में राजनीतिक गतिविधियों के और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

### अब तक सीमित नामांकन, लेकिन बढ़ी भीड़

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार शनिवार को कुल 3 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनमें 1 वार्ड क्रमांक 6 और 2 वार्ड क्रमांक 4 से हैं। शेष चार प्रभागों में अब तक कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। हालांकि आवेदन पत्र खरीदने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सबसे अधिक 61 नामांकन पत्र निर्वाचन निर्णय अधिकारी क्रमांक 5 के कार्यालय से बिके हैं, जो आने वाले दिनों में ज्यादा नामांकन की ओर इशारा करता है।

## रामलीला का भजन कीर्तन के साथ समापन

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

संत श्री गोस्वामी तुलसीदास रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला का भजन-कीर्तन के साथ भव्य समापन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में मुंबई समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्री राम के लीला का आनंद लिया। कार्यक्रम में सांसद नरेश म्हस्के, उद्योगपति प्रभाकर शुक्ला, पूर्व उपमहापौर नरेश मनेरा, भाजपा युवा मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अमर घरत, शाखा प्रमुख प्रवीण नागरे, पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवलेकर, पूर्व नगरसेविका अर्चना मनेरा, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र उपाध्याय, एड. विनय कुमार सिंह, पं. राममिलन शुक्ला, कुलदीप तिवारी, अरविंद शुक्ला, राजेश पाठक, कृति शर्मा, वीरेंद्र पांडे, रामसचिवान दुबे, अवधेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### समिति पदाधिकारियों और कलाकारों का योगदान



गोस्वामी तुलसीदास रामलीला समिति के अध्यक्ष विजय मिश्रा, महासचिव गजेंद्र सिंह और रवि सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत यादव, राजेश पांडे, सुनील मिश्रा, राजेश पाठक, प्रमोद तिवारी, प्रमोद चौहान, संदीप यादव, संजय शुक्ला, दीपक सिंह, वीरेंद्र पांडे, आनंद दुबे, प्रमोद दुबे सहित अन्य पदाधिकारी और भजन गायक सोनू सिंह सुरीला के अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण रामलीला का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव बन सका।

## प्राध्यापकों के लिए आयोजित होगा 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मुंबई।** 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२०' के अनुसार, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता को शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा माना जा रहा है। इसी दिशा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और 'उन्नत भारत अभियान' (यूबीए) मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। इसके तहत 'कम्युनिटी बेस्ड पार्टिसिपेटरी रिसर्च' (सीबीपीआर) विषय पर छह दिवसीय प्राध्यापक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मार्च २०२६ में देश के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों में आयोजित होगा, जिसमें भारत के सभी भौगोलिक क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 'मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों' (एमएमटीटीसी) में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राध्यापकों को सीबीपीआर के सिद्धांतों, सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) और सामुदायिक सहभागिता की विभिन्न पद्धतियों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्राध्यापकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना, स्थायी सामुदायिक भागीदारी का निर्माण करना और उन्हें अपने संस्थानों व क्षेत्रीय स्तर पर मार्गदर्शक (मेंटर) के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है।

## मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के तहत श्रमदान

**पालघर।** वाडा–खडकोना में जिला परिषद पालघर की ओर से शनिवार को मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के अंतर्गत श्रमदान के माध्यम से वनराई बांध का निर्माण किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस जल संरक्षण अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, पत्रकारों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान का उद्देश्य वर्षा जल को रोककर जल भंडारण क्षमता बढ़ाना और भूजल स्तर को सुदृढ़ करना रहा।

### प्रशासन–ग्रामीणों की संयुक्त भागीदारी



इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे (आईएएस), निवासी उप जिलाधिकारी सुभाष भागडे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामपंचायत पदाधिकारी, पत्रकार, बचत समूह की महिलाएं, आशा व आंगनवाड़ी सेविकाएं, विद्यार्थी और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में श्रमदान में शामिल हुए। प्रशासन, ग्रामपंचायत और ग्रामीणों के समन्वय से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

### जल संरक्षण से दीर्घकालीन लाभ की उम्मीद

श्रमदान से निर्मित इस वनराई बांध के कारण क्षेत्र में वर्षा जल का संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि की उम्मीद है। इसका लाभ कृषि, पशुपालन और ग्रामीणों के पेयजल उपयोग के लिए लंबे समय तक मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने श्रमदान में शामिल सभी पत्रकारों, नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।


**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

## कुंडली अनुसार कौन-सा दुकान व्यवसाय करें?



दुकानी व्यवसाय करना है तो आज इसी बारे में बात करते है दुकान खोलनी है तो किस व्यवसाय काम की दुकान चलेंगी और कितनी सफ़लता दुकान व्यवसाय में मिल पाएगी और कितने बड़े स्तर पर दुकान खुलकर चल सकती है आदि। दुकानदारी मतलब डेली इनकम जिसका सम्बन्ध कुंडली के 7वे भाव से है 7वा भाव दुकानदारी व्यवसाय का है तो बुध दुकानदारी व्यवसाय ग्रह है तो ग्यारहवा भाव दुकान से होने वाले लाभ का है तो दूसरा भाव दुकान से होने वाले धन वृद्धि का है धन का है।अब जब जन्मकुंडली में या नवमांश कुंडली मे या फिर दशमांश कुंडली मेतीनो कुंडलियो में या इन तीनो कुंडलियो में से किसी एक कुंडली मे भी7वे भाव या 7वे भाव स्वामी बलवान होकर 11वे भाव स्वामी या 7वे भाव से या दूसरे भाव या दूसरे भाव स्वामी से अच्छी स्थिति में सम्बन्ध बनाकर बैठा है और दुकान व्यवसाय ग्रह बुध बलवान है तब दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा।अब किस तरह के काम की दुकान करे यह महत्वपूर्ण है तो 7वे भाव का सम्बन्ध या 7वे भाव स्वामी का सम्बन्ध जिस भी ग्रहो औऱ भाव स्वामियों से होगा उन्ही ग्रहो और भावो के अधिकार में को दुकानदारी व्यवसाय आ रहा है उन्हें करने पर दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा। अब कुछ उदाहरणों से समझते है अगर दुकानदारी व्यवसाय करना ही लिखा है तो किस काम या वस्तु की दुकान करे जिससे अच्छी व्यवसायिक सफलता मिले।



प्रियंका जैन
9769994439

**उदाहरण_वृष_लग्न_अनुसार1:-**

वृष लग्न में 7वे भाव स्वामी मंगल बलवान होकर यहाँ दूसरे या ग्यारहवे भाव स्वामी बुध या गुरु से सम्बन्ध बनाकर बैठे है या 11वे भाव से सम्बन्ध किये है और बुध बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा लेकिन अब 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ बलवान लग्नेश शुक्र के साथ सम्बन्ध में है तब कपड़े, जैवेलरी दुकान करने में सफलता मिलेंगी।

**उदाहरण_कुम्भ_लग्न_अनुसार2:-**

कुम्भ लग्न में 7वे भाव स्वामी सूर्य बलवान होकर यहाँ बलवान बुध या गुरु सहित दूसरे या ग्यारहवे भाव से सम्बन्ध कर रहे है तब दुकानी व्यवसाय चलेगा, अब व्यवसाय 7वे भाव स्वामी सूर्य यहाँ दूसरे भाव से सम्बन्ध किया है तब खान-पीने की दुकान, रेस्टोरेंट ,होटल व्यवसाय आदि ही चलेगा।

**उदाहरण_तुला_लग्न_अनुसार3:-**

तुला लग्न में यहाँ 7वे भाव स्वामी मंगल है अब मंगल बलवान होकर यहाँ 11वे भाव या 11वे भाव स्वामी बलवान सूर्य से सम्बन्ध करे+दूसरा भाव(धन भाव)+ग्यारहवा भाव(लाभ भाव)बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा, 7वे भाव या 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ 5वे भाव से सम्बन्ध किये है तब स्टेशनरी की शॉप, टीवी या मनोरंजन बिक्री की चीजो की दुकान करने पर दुकान व्यवसाय लाभ देगा।

न्यूज़ ब्रीफ

### 25 हजार का इनामिया कफ सिरप तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर। जमालपुर पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध सप्लाई से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त कृष्ण कुमार यादव, निवासी चंदौली, लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने फर्जी फर्म के जरिए दिल्ली की दवा कंपनियों से भारी मात्रा में शेड्यूल एच-1 श्रेणी की कफ सिरप की सप्लाई कराई, जिसका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जाता था। जांच के दौरान आरोपी के बैंक खातों में करीब 15 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का भी पता चला है। पुलिस ने अभियुक्त को जीवनाथ पुल के नीचे से दबोचकर जेल भेज दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### बरेका पहुंचे बोत्स्वाना के मंत्री, रेल तकनीक को सराहा

वाराणसी। बोत्स्वाना सरकार के परिवहन एवं अवसंरचना मंत्री नूह सलाके ने शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का औपचारिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बरेका में निर्मित अत्याधुनिक रेल इंजनों, उनकी उत्पादन प्रक्रिया और तकनीकी विशेषताओं का गहन अवलोकन किया। कार्यशाला भ्रमण के दौरान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन एवं विपणन) सुनील कुमार ने मंत्री को न्यू ब्लॉक शॉप, टर्बो शॉप, लाइट मशीन शॉप, सब-असेंबली शॉप, ईएस एवं ईटी शॉप, लोको असेंबली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का निरीक्षण कराया। मंत्री ने यहां चल रही उत्पादन गतिविधियों और गुणवत्ता मानकों की जानकारी ली।

# अंगीठी के धुएं से उजड़ा एक परिवार, चार की मौत

- मृतकों में एक वृद्धा समेत तीन बच्चे शामिल
- ठंड से बचने के लिए कमरे में जलाई थी अंगीठी



**एजेंसी । सारण**

कड़ाके की ठंड से बचने का प्रयास छपरा में एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुआ। भगवान बाजार थाना क्षेत्र की अंबिका कॉलोनी में अंगीठी के धुएं से दम घुटने के कारण एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन मासूम बच्चों और उनकी दादी ने अपनी जान गंवा दी, जबकि तीन अन्य परिजन गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। परिजनों के अनुसार, ठंड अधिक होने के कारण परिवार के सभी सदस्य शुक्रवार रात एक ही कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे। कमरे के दरवाजे और खिड़कियां बंद थीं।

#### सुबह हुई दर्दनाक हादसे की जानकारी

सुबह जब परिवार के एक सदस्य की आंख खुली और उसने बाकी लोगों को न उठते देखा तो शोर मचाया गया। आसपास के लोग पहुंचे और सभी को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।

#### मृतकों में तीन मासूम और वृद्धा शामिल

इस हादसे में तेजाश (3), अध्याय (4), गुड़िया (7 माह) और कमलावती देवी (70) की मौत हो गई। वहीं अमित कुमार, अमीषा और एक अन्य परिजन की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ. कुमार आशीष, एएसपी राम पुकार सिंह, भगवान बाजार और टाउन थाना के प्रभारी दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और चिकित्सकों से उपचार की स्थिति का जायजा लिया।

#### प्रशासन की अपील : बरतें सावधानी

पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि किसी अन्य पहलू की भी पुष्टि की जा सके। घटना के बाद प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सर्दी के मौसम में बंद कमरों के भीतर अंगीठी या कोयले का उपयोग न करें। यदि मजबूरी में अंगीठी जलानी पड़े, तो कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन और खिड़कियां खुली रखें, ताकि जानलेवा गैस बाहर निकल सके। इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है और ठंड के मौसम में सतर्कता बरतने की गंभीर चेतावनी भी दी है।

## सहकर्मी ने ही सुरक्षा कर्मी को गोली से उड़ाया

- हत्या के बाद मौके से भाग निकला आरोपी, तलाश जारी




**एजेंसी । कानपुर**

उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बिल्हौर थाना क्षेत्र में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड की उसके ही साथी गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनखराबे का रूप ले लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। यह घटना गदरपुर आहार गांव की है। यहां निर्माणाधीन महर्षि योगी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मी शुक्रवार देर रात अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान अलाव में लकड़ी रखने को लेकर दो गार्डों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

#### सीने में मारी गोली, मौके पर मची अफरा-तफरी

मारपीट के दौरान गुस्से में आकर आरोपी सिक्योरिटी गार्ड अनिरुद्ध द्विवेदी ने अपनी लाइसेंसी दो नाली बंदूक से साथी गार्ड निर्मल सिंह चंदेल उर्फ नीरज (45) के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही निर्मल सिंह लहूलुहान होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकला।

#### खेती-किसानी संग करता था गार्ड की नौकरी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल निर्मल सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक निर्मल सिंह चंदेल उर्फ नीरज, औरंगपुर सांभी गांव का निवासी था।

## देश के बाहर भी सराही जा रही यूपी पुलिस : मुख्यमंत्री योगी



**एजेंसी । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बीते साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस के सतत प्रयासों से प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। कानून का राज स्थापित होने से न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश रूल ऑफ लॉ का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'पुलिस मंथनः वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025' का शुभारम्भ किया।

#### परंपरागत पुलिसिंग से आगे बढ़ी यूपी पुलिस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने केवल परम्परागत पुलिसिंग में बदलाव नहीं किया, बल्कि समय की मांग के अनुरूप पुलिस व्यवस्था को आधुनिक रूप दिया है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की कानून-व्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी और लोगों के मन में उत्तर प्रदेश को लेकर नकारात्मक धारणा थी। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण के लिए आवश्यक अवसंरचना का पहले अभाव था, लेकिन अब व्यापक सुधार हुए हैं। वर्तमान में 60,244 पुलिस कार्मिकों का प्रशिक्षण प्रदेश के अपने प्रशिक्षण केन्द्रों में चल रहा है। यह प्रदेश की प्रगति और बदलते स्वरूप का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पुलिस सुधारों के तहत सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया है।


## घने कोहरे में गुम हुआ आसमान, नौ उड़ानें रद्द



**वाराणसी।** पूर्वांचल में जारी घने कोहरे और खराब मौसम का असर हवाई यातायात पर साफ दिखाई देने लगा है। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शनिवार को कुल नौ उड़ानों को रद्द कर दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि दृश्यता बेहद कम होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर उड़ानों का संचालन रोकना पड़ा। घना कोहरा और प्रतिकूल मौसम स्थितियां उड़ान संचालन के अनुकूल नहीं थीं। घने कोहरे का यह असर आने वाले दिनों में भी जारी रह सकता है, ऐसे

## बंपर उत्पादन से 3.5 रुपये प्रति किलो बिक रही आलू

- आलू किसानों के लिए भारी पड़ा वर्ष 2025, मंडी में औंधे मुंह गिरा भाव
- शनिवार को न्यूनतम 351 रुपये प्रति कुंतल रहा रेट, लिवाली में गिरावट



**एजेंसी । फर्रुखाबाद**

आलू उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले फर्रुखाबाद जिले के किसानों के लिए वर्ष 2025 विदा होते-होते निराशा और पीड़ा छोड़ गया है। मंडियों में आलू के दाम औंधे मुंह गिरने से किसान ही नहीं, बल्कि आढ़ती वर्ग भी गहरे संकट में फंस गया है। लागत से काफी नीचे बिक रहे आलू ने पूरे जिले में मायूसी का माहौल बना दिया है। शनिवार को सातनपुर आलू मंडी में आलू का न्यूनतम भाव 351 रुपये और अधिकतम 501 रुपये प्रति कुंतल दर्ज किया गया। ये दरें किसानों की लागत से काफी कम हैं। मंडी में आलू की आवक 150 ट्रकों से अधिक रही, जबकि मांग अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है।

#### किसान और आढ़ती दोनों घाटे में

आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा के अनुसार, भाव बेहतर होने पर जहां किसान को राहत मिलती है, वहीं आढ़तियों को भी संतोषजनक कमीशन प्राप्त होता है। मौजूदा हालात में दोनों वर्ग आर्थिक दबाव से जूझ रहे हैं। किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है और आढ़तियों की आमदनी भी प्रभावित हो रही है। जिले के बड़े आलू उत्पादक सुधांशु गंगवार का कहना है कि इस वर्ष आलू की रिकॉर्ड पैदावार हुई है। अधिक उत्पादन के चलते मंडियों में आलू की भरमार हो गई है।

## KGMU धर्मांतरण : पांच सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

- महिला चिकित्सक के यौन शोषण का मामला, आरोपित की तलाश जारी

**एजेंसी । लखनऊ**

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के यौन शोषण और धर्मांतरण के प्रयास से जुड़े गंभीर मामले में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। फरार आरोपित रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन मलिक की तलाश पुलिस कर रही है, वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसके कथित सहयोगियों की भूमिका की पड़ताल के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। केजीएमयू प्रशासन ने आरोपित को मदद पहुंचाने वालों की जांच के लिए डॉ. के.के. सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई है। विश्वविद्यालय का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष और गहन जांच की जाएगी। केजीएमयू से जुड़ा यह मामला अब केवल विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर भी गंभीर बहस का विषय बन गया है। जांच के नतीजों पर सभी की निगाहें टिकी हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह ने बताया कि धर्मांतरण का प्रयास अत्यंत गंभीर विषय है। पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उसे हॉस्टल आवंटित कर दिया गया है।



#### महिला आयोग सख्त, होगी कड़ी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने शनिवार को कहा कि इस मामले में दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए है न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

#### आत्महत्या के प्रयास से खुला मामला

पैथोलॉजी विभाग की महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने 17 दिसंबर को नशीली गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। गंभीर हालत में उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद पीड़िता ने रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन मलिक पर शादी से पहले धर्म बदलने का दबाव बनाने और यौन शोषण का आरोप लगाया था।

# व्यापार जगत

## नए साल में कार कंपनियों ने बढ़ाई कीमत




### रेनो समेत कई कंपनियों ने बढ़ोत्तरी की घोषणा की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नए साल की शुरुआत के साथ ही वाहन खरीदारों को जेब और ढीली करनी पड़ेगी। रेनो इंडिया सहित कई प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों ने जनवरी 2026 से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। बढ़ती लागत और उद्योग से जुड़ी चुनौतियों के चलते कंपनियां यह कदम उठा रही हैं। फ्रांस की ऑटोमोबाइल कंपनी रेनो की भारतीय सब्सिडियरी रेनो इंडिया ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से उसकी सभी कारों की कीमतों में दो प्रतिशत तक का इजाफा किया जाएगा। यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से लागू होगी। नए साल में कारों की कीमतों में होने वाली यह बढ़ोतरी ग्राहकों के खरीद निर्णय को प्रभावित कर सकती है, वहीं दिसंबर का महीना वाहन खरीदने वालों के लिए अंतिम मौका साबित हो सकता है।

#### इनपुट लागत और आर्थिक चुनौतियां बनी वजह

कंपनी के अनुसार, कच्चे माल की बढ़ती कीमतें, सप्लाई चेन से जुड़ी दिक्कतें और ऑटोमोबाइल सेक्टर में जारी मैक्रोइकोनॉमिक दबावों के चलते दाम बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। रेनो इंडिया ने कहा कि वह ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं देने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतें बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

#### तीन मॉडल्स के साथ भारतीय बाजार में मौजूद

रेनो इंडिया वर्तमान में भारतीय बाजार में क्विड, ट्राइबर और काइगर जैसे तीन लोकप्रिय मॉडल पेश कर रही है। कंपनी का फोकस किफायती, उपयोगी और वैल्यू-फॉर-मनी फीचर्स पर है, ताकि विभिन्न वर्गों के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

#### दिसंबर तक पुराने दामों पर खरीद का मौका

रेनो इंडिया ने ग्राहकों को सलाह दी है कि जो लोग कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, वे दिसंबर 2025 के अंत तक मौजूदा कीमतों पर वाहन खरीद सकते हैं। इसके बाद नई कीमतें लागू होंगी। रेनो के अलावा मर्सिडीज-बेंज, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, निसान, बीएमडब्ल्यू मोटरराड समेत कई ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी नए साल से कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। सप्लाई चेन लागत में इजाफा और नियामकीय बदलावों को इसकी प्रमुख वजह बताया है। जेएसडब्ल्यू-एमजी और मर्सिडीज-बेंज के बाद निसान मोटर इंडिया ने भी 1 जनवरी 2026 से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

2025 : शेयर बाजार ने निवेशकों को दिया झटका

## घरेलू शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा वर्ष 2025

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार के लिए वर्ष 2025 उतार-चढ़ाव से भरा रहा। जहां एक ओर सेंसेक्स और निफ्टी ने नए शिखर छुए, वहीं दूसरी ओर ब्रॉडर मार्केट में कई शेयरों ने निवेशकों की पूंजी को बुरी तरह झकझोर दिया। स्मॉलकैप और मिडकैप सेगमेंट में भारी अस्थिरता के बीच कुछ कंपनियां ऐसी रहीं, जिन्होंने सालभर में 60 से 70 प्रतिशत तक का नुकसान कराया। निफ्टी-500 में शामिल ऐसे ही पांच प्रमुख लूजर्स पर एक नजर। वर्ष 2025 में निवेशकों को सबसे बड़ा झटका आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने दिया।

स्माल व मिडकैप में कुछेक कंपनियों ने करवाया भारी नुकसान



#### तेजस नेटवर्क्स : टाटा समूह का शेयर भी फिसला

नुकसान झेलने वाली कंपनियों में दूसरा स्थान टाटा समूह की कंपनी तेजस नेटवर्क्स का रहा। बीते 12 महीनों में इसके शेयरों में 63 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। पिछले छह महीनों में ही कंपनी के शेयर लगभग 35 प्रतिशत टूटे, जबकि एक महीने में 6.60 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई।

#### ओला इलेक्ट्रिक : नकारात्मक खबरों का असर

तीसरे नंबर पर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का नाम रहा। साल 2025 में यह कंपनी लगातार सुर्खियों में बनी रही, लेकिन अधिकांश खबरें नकारात्मक रहीं। प्रमोटर्स द्वारा शेयर बिक्री की खबरों ने निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

## 1.4 लाख रुपए का हुआ 24 कैरेट गोल्ड



**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को सोने के भाव में 700 से 770 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़त दर्ज की गई, जिससे 24 कैरेट सोना देश के अधिकांश बाजारों में 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आंकड़े को पार कर गया। वहीं चांदी ने भी 6 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक की छलांग लगाकर बाजार में हलचल बढ़ा दी।

#### सोने के ताजा भाव


तेजी के बाद 24 कैरेट सोना आज 1,40,030 रुपये से लेकर 1,40,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 1,28,360 रुपये से 1,28,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच दर्ज की गई। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,40,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,28,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,40,030 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,28,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बिकता दिखा। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,40,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,28,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,40,030 रुपये तथा 22 कैरेट सोना 1,28,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। भोपाल और पटना में 24 कैरेट सोना 1,40,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,28,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता रहा।

## NCH ने उपभोक्ताओं को दिलवाया 45 करोड़ का रिफंड

### 2025 में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन की बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने वर्ष 2025 में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हेल्पलाइन के माध्यम से देशभर के उपभोक्ताओं को 45 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाया गया, जबकि 67 हजार से अधिक शिकायतों का समयबद्ध निपटान किया गया। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन उपभोक्ता मामलों के विभाग की एक प्रमुख पहल है। यह मंच मुकदमे से पहले ही शिकायतों के प्रभावी और सहमति आधारित समाधान में अहम भूमिका निभा रहा है।




#### आठ माह में 45 करोड़ की वसूली

मंत्रालय के अनुसार 25 अप्रैल से 26 दिसंबर 2025 के बीच आठ महीनों की अवधि में एनसीएच ने 31 विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया। इस दौरान उपभोक्ताओं को कुल 45 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाया गया। यह पूरी प्रक्रिया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत मुकदमे से पहले के स्तर पर पूरी की गई, जिससे उपभोक्ता आयोगों पर बोझ भी कम हुआ। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में ई-कॉमर्स सेक्टर से लगभग 40 हजार शिकायतें प्राप्त हुईं।

## चांदीः इस साल 163 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी




सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी ने एक बार फिर नया कीर्तिमान रच दिया है। शुक्रवार को चांदी के भाव में 6,000 से 7,600 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेज बढ़त दर्ज की गई, जिससे यह चमकीली धातु कई प्रमुख शहरों में ढाई लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर के करीब या उससे ऊपर पहुंच गई। तेजी के चलते देश के विभिन्न सर्राफा बाजारों में चांदी 2,39,900 रुपये से लेकर 2,52,600 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में कारोबार करती दिखी। चेन्नई और हैदराबाद में कीमतों ने निवेशकों और कारोबारियों को चौंका दिया। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत औद्योगिक मांग, सुरक्षित निवेश के रूप में बढ़ती खरीदारी और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति में कमी के कारण चांदी की कीमतों को मजबूती मिल रही है। जानकारों के मुताबिक यदि मौजूदा रुझान बना रहा तो आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 80 से 82 डॉलर प्रति औंस तक भी पहुंच सकती है।

# देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

## मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने किया एलान

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी ने मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने गरीबों और मजदूरों पर सीधा हमला किया है।

### मनरेगा को बचाने का संकल्प

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खरगे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खरगे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खरगे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी।



### लोकतंत्र और संविधान पर हो रहा हमला: खरगे

खरगे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने तीन कृषि कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह कड़े विरोध के बाद सरकार को वे कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता की आवाज उठेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने की एक 'सुनियोजित साजिश' है। उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब देश में लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

### 'मनरेगा यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी कानून'

खरगे ने कहा, मनरेगा यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी कानून था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में हुई। उन्होंने कहा कि इस योजना का असर इतना बड़ा था कि इसका नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया। मनरेगा को खत्म करना महात्मा गांधी का अपमान है। यह काम करने के अधिकार पर सीधा हमला है।उन्होंने आरोप लगाया कि (केंद्र की नरेंद्र) मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन या राज्यों और राजनीतिक दलों से सलाह लिए इस कानून को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसा ही तरीका तीन कृषि कानूनों के साथ अपनाया था। उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले का हर जगह विरोध होना चाहिए और इसके लिए 2015 में जमीन अधिग्रहण कानून में किए गए बदलावों को वापस लेने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि मनरेगा को लेकर ठोस योजना बनाएं और देशभर में जन अभियान शुरू करें।

### राहुल गांधी ने क्या कहा?

वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि इतना बड़ा फैसला सोच-समझकर और चर्चा के बाद लिया जाना चाहिए था।

# नितिन नवीन को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन सकती है भाजपा

## चुनाव की प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी के बीच पूरी होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भाजपा में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव जल्द देखने को मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार, नितिन नवीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए 15 जनवरी के बाद देशभर के प्रदेश अध्यक्षों को दिल्ली बुलाए जाने की तैयारी है। चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी के बीच पूरी होने की संभावना जताई जा रही है।

### संगठनात्मक चुनाव लगभग पूरे



दरअसल, भाजपा शासित आधे से अधिक राज्यों में सांगठनिक चुनाव संपन्न हो चुके हैं। 37 में से 29 राज्यों ने अपने आंतरिक चुनाव पूरे कर लिए हैं। इन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन की उम्मीदवारी के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा करेंगे।

### शीर्ष नेतृत्व का समर्थन

सूत्रों के मुताबिक, नितिन नवीन के समर्थन में दाखिल होने वाले नामांकन पत्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हस्ताक्षर भी होंगे। बताया जा रहा है कि नितिन ही एकमात्र उम्मीदवार हो सकते हैं। ऐसे में भाजपा के मुख्य चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा नामांकन की जांच के तुरंत बाद उनके निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शराब 'घोटाले' में अंतिम अभियोजन शिकायत दायर

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले के मामले में अंतिम अभियोजन शिकायत दायर की। शिकायत में 59 लोगों को नामजद किया गया है। इस धनशोधन मामले में आरोपियों की अब तक कुल संख्या 81 हो गई है। ईडी के वकील सौरभ कुमार पांडे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, अंतिम अभियोजन शिकायत यहां पीएमएलए कोर्ट में दायर की गई। उन्होंने कहा कि पहले इस मामले में 22 लोगों को आरोपी बनाया गया था, और उनमें से कई को गिरफ्तार किया गया था।

### अल्लू अर्जुन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद की पुलिस ने फिल्म 'पुष्पा-2' के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के संबंध में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 आरोपियों के खिलाफ यहां की एक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। हाल में दाखिल आरोप-पत्र में थिएटर प्रबंधन को मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है, जबकि अर्जुन को आरोपी संख्या-11 के रूप में नामित किया गया है। चार दिसंबर 2024 को यहां संध्या थिएटर में 'पुष्पा-2' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में 35 वर्षीय एक महिला की मौत और उसके आठ वर्षीय बेटे के घायल होने के बाद अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के विभिन्न गुटों से जुड़े आठ सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इंफाल पूर्व जिले के अंद्रो लेइतांपेखफाम इलाके से केसीपी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के चार कैडरों को पकड़ा गया, जिनके पास से एक .32 पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस और दो वायरलेस रेडियो सेट बरामद किए गए।

# कांग्रेस के चुने हुए सदस्यों ने भाजपा से मिलाया हाथ

एजेंसी । त्रिशूर

त्रिशूर जिले की मट्टाथुर पंचायत में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। कांग्रेस के सभी आठ चुने हुए सदस्यों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया और काउंसिल पर कंट्रोल करने के लिए भाजपा के साथ हाथ मिला लिया। कांग्रेस के बागी टेसी जोस कल्लरक्कल अब भाजपा के समर्थन से एक नए बने फ्रंट के मुखिया बनकर नए पंचायत अध्यक्ष बन गए हैं, जिससे मट्टाथुर में लेफ्ट का 23 साल का शासन खत्म हो गया है।



### कांग्रेस के 8 सदस्यों ने छोड़ी पार्टी

इससे नाराज होकर कांग्रेस के सभी आठ सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व ने नाइंसाफी की है और वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया है। पार्टी छोड़ने के बाद, उन्होंने टेसी जोस को आजाद उम्मीदवार के तौर पर सपोर्ट करने का फैसला किया। भाजपा ने भी उन्हें तीन वोटों से सपोर्ट किया (भाजपा का एक वोट अमान्य था) और वह 12 सदस्यों के समर्थन से जीत गईं।

### अध्यक्ष चुनने के लिए लॉटरी निकालने पर किया जा रहा था विचार

24-सदस्यीय पंचायत के नतीजों कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) को 10, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) को 8, NDA को 4 और 2 निर्दलीय उम्मीदवार जीते। दोनों पक्षों के बीच मुकाबला कड़ा था, इसलिए प्रेसिडेंट चुनने के लिए लॉटरी निकालने पर भी विचार किया जा रहा था। यूडीएफ ने केआर ओसेफ को सपोर्ट करने का फैसला किया था, जो एक निर्दलीय उम्मीदवार थे और कांग्रेस के बागी के तौर पर जीते थे। लेकिन पंचायत अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले ओसेफ एलडीएफ में शामिल हो गए, जिससे कांग्रेस नेता हैरान रह गए।

### इसकी किसी को नहीं थी उम्मीद

इस्तीफा देने वाले पार्षदों में मिनिमोल, श्रीजा, सुमा एंटनी, अक्षय संतोष, प्रिंटो पल्लीपरंबन, सीजी राजेश, सीबी पॉलोज और नूरजहां नवाज शामिल हैं। इस स्थिति ने कांग्रेस और लेफ्ट दोनों को चौंका दिया है और भाजपा की मदद से कांग्रेस के बागी का अध्यक्ष बनना एक नया राजनीतिक गठबंधन बन गया है जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। अब तक कांग्रेस ने इस्तीफा देने वाले आठ सदस्यों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है और भाजपा ने सिर्फ इतना कहा है कि यह फैसला परिषद के जनादेश का सम्मान करता है।

# लाडा-सरली खंड में जमीन और मुआवजे की दोबारा जांच के आदेश

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने ईस्ट कामेंग जिले में फ्रंटियर हाईवे परियोजना के लाडा-सरली खंड से जुड़ी जमीन के स्वामित्व और मुआवजा दावों की पुनः जमीनी जांच के आदेश दिए हैं। तथ्य-जांच समिति द्वारा गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया। भूमि प्रबंधन विभाग के अनुसार, परियोजना के पैकेज-एक से पांच तक शामिल भूमि और संपत्तियों की भौतिक जांच के लिए नई सत्यापन समितियां गठित की गई हैं, जिनकी निगरानी ईस्ट कामेंग के उपायुक्त करेंगे।



अधिकारियों ने बताया कि समितियों को स्वीकृत राइट ऑफ वे (रॉ) और स्ट्रिप प्लान के आधार पर प्रत्येक भूमि खंड की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद इनके निष्कर्षों की तुलना पहले गठित समिति द्वारा निर्धारित मुआवजा पुरस्कारों से की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन उपायुक्त ने की थी। सरकार का उद्देश्य मुआवजा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और किसी भी तरह की अनियमितता को दूर करना है।

# पुझल जेल से रिहा हुए यूट्यूबर 'सुवुक्कू' शंकर

## मद्रास हाईकोर्ट से तीन महीने की अंतरिम जमानत मंजूर

**चेन्नई।** यूट्यूबर और वीडियो पत्रकार 'सुवुक्कू' शंकर को मद्रास हाईकोर्ट से तीन महीने की अंतरिम जमानत मिलने के बाद शनिवार को पुझल सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। शंकर को 13 दिसंबर को उनके चेन्नई स्थित घर से गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक फिल्म निर्माता के साथ मारपीट और जबरन वसूली का आरोप लगाया गया था। जेल से बाहर आने के बाद शंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'क्या आपने सोचा था कि मैं हार जाऊंगा?' कोर्ट ने कहा कि यह समझना मुश्किल है कि एक ही यूट्यूब पत्रकार को बार-बार कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तरफ से जेल क्यों भेजा जा रहा है। इससे यह संदेह पैदा होता है कि कहीं वह सत्तारूढ़ सरकार के निशाने पर तो नहीं हैं।

### मां की अपील पर मिली जमानत



जानकारी के मुताबिक, शंकर की मां ए. कमला ने अपने बेटे की तबीयत का हवाला देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। उन्होंने बताया कि शंकर को दिल की बीमारी और मधुमेह (डायबिटीज) है और उन्हें इलाज की जरूरत है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एस.एम. सुब्रमणियम और जस्टिस पी. धनबल की वेकेशन बेंच ने 26 दिसंबर 2025 से 25 मार्च 2026 तक 12 हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत दी। अदालत ने शंकर को रिहाई के लिए जेल अधीक्षक के सामने एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरने का आदेश दिया।

# भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब

## 11 वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात आठ गुना बढ़ा: वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। साथ ही, देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में छह गुना की बढ़ोतरी हुई है। वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी स्कीमों के कारण देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बीते 11 वर्षों में आठ गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई पीएलआई स्कीम ने 13,475 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और इससे इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 9.8 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन हुआ है।

### 1.3 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा हुई



वैष्णव ने बताया कि बीते पांच वर्षों में 1.3 लाख से ज्यादा नौकरियां इस सेक्टर में पैदा हुई हैं और इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत की तीसरी सबसे बड़ी निर्यात कैटेगरी है। वैष्णव ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में हुई प्रगति के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि दस इकाइयों को मंजूरी मिल गई है, जिनमें से तीन पहले से ही पायलट या शुरुआती प्रोडक्शन में हैं।

# पित्रोदा ने कांग्रेस का असली भारत-विरोधी उजागर किया : सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी । नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के हालिया खुलासे के बाद कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। भाजपा का कहना है कि इन बयानों से कांग्रेस और राहुल गांधी का भारत विरोधी वैश्विक गठबंधन से जुड़ा असली चेहरा सामने आ गया है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशों में ऐसे वैश्विक मंचों के कार्यक्रमों में इस उम्मीद के साथ हिस्सा लेते हैं कि इन गठबंधनों के समर्थन से कांग्रेस को दोबारा सत्ता मिल सके। उन्होंने कहा कि यह रवैया देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

### सैम पित्रोदा के बयान से बढ़ा विवाद



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा ने अनजाने में कांग्रेस का वास्तविक चेहरा उजागर कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार, पित्रोदा ने एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में स्वीकार किया कि कांग्रेस ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस (जीपीए) में एक आधिकारिक पद पर है और राहुल गांधी इसके अध्यक्षीय मंडल का हिस्सा हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि जीपीए ऐसे संगठनों के नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, जो भारत विरोधी विमर्श गढ़ने में सक्रिय हैं। त्रिवेदी ने राहुल गांधी की हालिया जर्मनी यात्रा और जीपीए की बैठक में उनकी भागीदारी का हवाला देते हुए कांग्रेस से इस गठबंधन में अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की।

### सोरोस से जुड़े संस्थानों पर सवाल

भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी की बर्लिन में हर्टी स्कूल की अध्यक्ष प्रोफेसर कॉर्नेलिया वोल से मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि वोल सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी के न्यासियों में शामिल हैं, जिसे अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से वित्त पोषण मिलता है। उन्होंने याद दिलाया कि जनवरी 2020 में दावोस में सोरोस ने राष्ट्रवादी ताकतों को कमजोर करने की बात कही थी। सैम पित्रोदा द्वारा जीपीए को 110 देशों के लोकतंत्रों का गठबंधन बताए जाने पर भाजपा ने सवाल खड़े किए।

## स्पोर्ट्स

### घुड़दौड़ : सॉयकिक स्टॉर बेहतर

**मुंबई।** रविवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर मुंबई घुड़दौड़ सत्र के विशेष दिन आठ दौड़ों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्य दौड़ महाराजा जिवाजीराव सिंधिया ट्रॉफी में पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित सॉयकिक स्टॉर बेहतर स्थिति में है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ दोपहर 1.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार है: 1- बी मैजिकल (प्र.), अज़ुर (द्वि.), 2- इनहैरिटेन्स (प्र.), स्पेक्ट्रॉ (द्वि.), 3- चागल (प्र.), क्रिस्टोफेनी (द्वि.), 4- डि'एर्टागन (प्र.), एलेक्सियो (द्वि.), 5- चॉर्ली ब्राउन (प्र.), डॉन जुलियो (द्वि.), 6- सॉयकिक स्टॉर (प्र.), ईवाल्डो (द्वि.), 7- एक्जॉटिक स्टॉर (प्र.), मराठा एडमिरल (द्वि.) 8- जफरानो (प्र.), डोरोन (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- सॉयकिक स्टॉर।

### एलिट वर्ग में आठ टीमें

मुंबई। एमएसएसए वार्षिक 124वीं गाईल्स शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के एलिट वर्ग में स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञानदीप सेवा मंडल, पार्ले तिलक अंग्रेजी माध्यम दिलीप वेंगसरकर ग्रुप में तथा संदीप पाटिल ग्रुप की ओर से रिजवी स्प्रिंगफील्ड एसएससी, अंजुमन इस्लाम अंग्रेजी माध्यम, आईइएस वीएन सुले गुरुजी और लिटिल स्टॉर अंग्रेजी माध्यम स्कूल की टीमों ने जगह बनाई है। एलिट वर्ग के पहले दौर के दो दिवसीय मुकाबले 29 दिसंबर से आरंभ होंगे।

## मौसम की मार — दुनिया को 122 बिलियन डॉलर का हुआ नुकसान

# मौसमी घटनाओं से भारत-पाक में गई 1860 लोगों की जान

**नई दिल्ली।** जंगल की आग, हीटवेव, बाढ़ और चक्रवाती तूफान जैसी खतरनाक मौसम की घटनाओं से 2025 में दुनिया को 122 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ। इस बात का खुलासा क्रिश्चियन एड द्वारा जारी एक रिपोर्ट काउंटिंग द कॉस्ट 2025 में हुआ है। जून से सितंबर तक भारत और पाकिस्तान के बड़े हिस्सों में हुई बहुत ज्यादा मानसूनी बारिश को साल की 10 सबसे महंगी और असरदार जलवायु आपदाओं में से एक के रूप में लिस्ट किया गया है। भारत और पाकिस्तान में भारी बारिश की घटनाओं में कुल मिलाकर, कम से कम 1,860 लोगों की जान गई और कुल 5.6 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।



### अमेरिका को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

हालांकि वित्तीय नुकसान के मामले में यह क्षेत्र 10 की लिस्ट में पांचवें स्थान पर है, लेकिन यहां सबसे ज्यादा लोगों की मौतें हुईं। विश्व स्तर पर अमेरिका जो इतिहास में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जित करने वाला देश है, उसको सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, जिसमें कैलिफोर्निया में लगी आग 60 बिलियन डॉलर के नुकसान (विश्व स्तर पर कुल लागत का लगभग 50%) के साथ सबसे बड़ी एक बार की घटना के रूप में लिस्ट में सबसे ऊपर रही और 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। शनिवार को जारी क्रिश्चियन एड की सालाना रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि इनमें से ज्यादातर अनुमान केवल बीमाकृत नुकसान पर आधारित हैं।

### दूसरे नंबर कौन?

इस लिस्ट में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर नवंबर में साउथ-ईस्ट एशिया में आए साइक्लोन और बाढ़ थे, जिनसे 25 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और थाईलैंड, इंडोनेशिया, श्रीलंका, वियतनाम और मलेशिया में 1,750 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

### तीसरे नंबर चीन

तीसरे नंबर पर चीन में आई विनाशकारी बाढ़ थी, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए, 11.7 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई।


### एक्सपर्ट्स का क्या कहना है?

इंपीरियल कॉलेज लंदन में एटमॉस्फेरिक फिजिक्स की एमेरिटस प्रोफेसर जोआना हेग ने कहा, "ये आपदाएं 'कुदरती' नहीं हैं - ये लगातार फॉसिल फ्यूल के इस्तेमाल और राजनीतिक देरी का नतीजा हैं। जबकि नुकसान अरबों में होता है, इसका सबसे ज्यादा बोझ उन समुदायों पर पड़ता है जिनके पास ठीक होने के लिए सबसे कम संसाधन हैं। जब तक सरकारें अब उत्सर्जन कम करने और अनुकूलन उपायों के लिए फंड देने के लिए कदम नहीं उठातीं, यह दुख जारी रहेगा।" हालांकि टॉप 10 में वित्तीय लागतों पर ध्यान दिया गया है, जो आमतौर पर अमीर देशों में ज्यादा होती हैं क्योंकि उनके पास प्रॉपर्टी की कीमतें ज्यादा होती हैं और वे बीमा करवा सकते हैं, इस साल की कुछ सबसे विनाशकारी खराब मौसम की घटनाओं ने गरीब देशों को प्रभावित किया, जिन्होंने जलवायु संकट पैदा करने में बहुत कम योगदान दिया है और उनके पास जवाब देने के लिए सबसे कम संसाधन हैं।




# इलेक्शन एक्सप्रेस

## मनपा चुनाव



DBD 8
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है

मुंबई
रविवार, 28 दिसंबर 2025


## कोने-कोने से...

### आदित्य ने किया उबाठा-मनसे गठबंधन की जीत का दावा



**नाशिक।** शिवसेना (उबाठा) नेता और विधायक आदित्य ठाकरे ने विश्वास जताया है कि आगामी 16 जनवरी को नासिक मनपा चुनाव के नतीजों के बाद शहर में बड़ा सत्ता परिवर्तन देखने को मिलेगा। विहितगांव स्थित साईं ग्रैंड लॉन्स में शिवसेना (ठाकरे गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं के संयुक्त संवाद सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखे प्रहार किए। आदित्य ठाकरे ने कहा कि नासिकमें 'रावण राज' को खत्म कर 'श्रीराम का राज्य' लाना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे तय करें कि उन्हें झूठे वादों का साथ देना है या ईमानदारी का। ठाकरे ने सत्ता पक्ष पर हमला बोलते हुए सवाल किया कि आज देश और महाराष्ट्र में आखिर कौन सुरक्षित है? उन्होंने आरोप लगाया कि 'लाडली बहना' योजना के नाम पर माताओं-बहनों को ठगा जा रहा है, किसानों की कर्जमाफी नहीं हो रही और नासिकमें नए उद्योग नहीं आ रहे हैं।

### जेल से चुनाव लड़ेंगे भाजपा के पूर्व पार्षद उद्धव निमसे



नाशिक। हत्या के मामले में जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व पार्षद और संदिग्ध आरोपी उद्धव निमसे को जिला अदालत ने जेल से ही आगामी मनपा चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। हालांकि, उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई अब 29 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है, जिससे उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ गई हैं। राहुल संजय धोत्रे की हत्या के मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे उद्धव निमसे लगातार जमानत के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने 7 नवंबर को जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसकी नियमित सुनवाई 14 नवंबर से चल रही है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में धोत्रे गुट और उनके वकीलों ने निमसे की जमानत का पुरजोर विरोध किया। इससे पहले मंगलवार को हुई बहस के दौरान धोत्रे गुट ने न्यायाधीश पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसके बाद मामला मुख्य जिला न्यायाधीश तक पहुंचा था।

### मर्डर केस का आरोपी बंडू आंदेकर बना चुनावी उम्मीदवार



**पुणे।** मुंह पर काला कपड़ा बांधे, हाथों में हथकड़ी और पुलिस सुरक्षा के बीच गैंगस्टर बंडू आंदेकर ने नगर निगम चुनाव के लिए अपना नामांकन आवेदन भरा। इस दौरान उसने विक्ट्री साइन भी दिखाया, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई। आंदेकर गैंग का सरगना बंडू आंदेकर पुलिस प्रोटेक्शन में भवानी पेठ क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचा और नगर निगम चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बंडू आंदेकर फिलहाल आयुष कोमकर मर्डर केस में जेल में बंद है। जानकारी के अनुसार, उसने पुणे के वार्ड नंबर 24 से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा है।

### जेन जी



कंक्रीट के जंगलों के बीच हमारे लिए खुले मैदान और खेल परिसर बचाए रखें। जिम और स्पोर्ट्स क्लब केवल अमीरों के लिए नहीं, बल्कि हर आम युवक के लिए सुलभ होने चाहिए।

–निहारिका पांडे, वसई



डिजिटल इंडिया का सपना तब पूरा होगा जब हमारे सार्वजनिक पुस्तकालयों और उद्यानों में मुफ्त वाई-फाई और ई-लर्निंग की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

–अंकिता गुप्ता, मीरा रोड

**हमें भेजें**

**अगर आप भी अपने विचार हमें भेजना चाहते हैं तो 8356804318 इस नंबर पर व्हाट्सप्प करें।**

---

**विश्लेषण**

### नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव

# गणेश नाइक के 'गढ़' में सेंधमारी



अमित बृज । नवी मुंबई

**नवी मुंबई नगर निगम (NMMC) के आगामी चुनावों ने शहर के राजनीतिक पारे को चरम पर पहुँचा दिया है। एक ओर जहाँ गणेश नाइक के 25 वर्षों के अभेद्य किले को ढहाने के लिए उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने भी अपने गढ़ को बचाने के लिए बूथ स्तर तक मोर्चाबंदी कर ली है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि मुकाबला अब केवल 'महायुति' बनाम 'महाविकास अघाड़ी' नहीं, बल्कि सीधे तौर पर भाजपा (नाइक गुट) बनाम शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच होता दिख रहा है।**




### भाजपा और शिंदे सेना के बीच गठबंधन की बातचीत विफल

भाजपा और शिंदे सेना के बीच गठबंधन की बातचीत लगभग विफल हो गई है। इसी वजह से दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ेंगी और बगावत से बचने के लिए आखिरी दो दिनों में नामांकन दाखिल करने को प्राथमिकता देंगी। सत्ता के मुख्य दावेदार शिंदे सेना और भाजपा के बीच दो बैठकें हो चुकी हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे पर कोई सहमति नहीं बन पाई है।

### फ्रेंडली फाइट हो या गठबंधन में, जीतेगी एनडीए

15 जनवरी 2026 को होने वाले नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव से पहले शहर की राजनीति लगभग एकतरफा होती दिख रही है। भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) में बड़े पैमाने पर नेताओं व पूर्व नगरसेवकों के शामिल होने से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को निर्णायक बढ़त मिलती नजर आ रही है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, पहली बार लागू पैनल प्रणाली में एनडीए के सभी 28 पैनलों में क्लीन स्वीप की प्रबल संभावना है—चाहे औपचारिक गठबंधन हो या नहीं।

### राजनीतिक ध्रुवीकरण और पैनल प्रणाली का असर

इस बार लागू पैनल प्रणाली ने चुनावी गणित पूरी तरह बदल दिया है। प्रत्येक पैनल में सभी वार्डों में एकसाथ चुनाव लड़ना आर्थिक और संगठनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण है। यही कारण है कि टिकट न मिलने से नाराज़ नेता भले ही बगावत करें, लेकिन उनके लिए जीत आसान नहीं होगी। इससे भाजपा और शिवसेना—दोनों के अधिकृत उम्मीदवारों को सीधा फायदा मिलने की संभावना है।

### विपक्ष की कमजोर होती स्थिति

वरिष्ठ पत्रकार विश्वरत नायर के अनुसार, विपक्ष का लगभग पूरी तरह सफाया हो सकता है। अनुमान है कि भाजपा और शिवसेना को 8–10 पैनल प्रत्येक में स्पष्ट बढ़त मिलेगी, जबकि शेष 8–12 पैनलों में दोनों दल आपसी समझ से सीटें साझा कर सकते हैं। इसके मुकाबले एनसीपी के खाते में केवल 3–5 वार्ड आने की संभावना जताई जा रही है।


### भाजपा की संगठनात्मक बढ़त

नवी मुंबई की राजनीति में गणेश नाइक का नाम पिछले ढाई दशकों से पर्याय बना हुआ है। हालांकि, इस बार चुनौती अंदरूनी है। महायुति के भीतर ही शिंदे गुट द्वारा दी जा रही कड़ी टक्कर ने भाजपा को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा अब विकास कार्यों के साथ-साथ संगठन की मजबूती और बूथ प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि किसी भी तरह की सेंधमारी को रोका जा सके। हालांकि भाजपा को संदीप नाइक की पार्टी में पुन: वापसी से अतिरिक्त मजबूती मिली है। विधायक गणेश नाइक और मंदा म्हात्रे के नेतृत्व में पार्टी का संगठन बेहद मजबूत स्थिति में है। जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश पाटील, पूर्व सांसद डॉ. संजीव नाइक, कई पूर्व महापौर, उपमहापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष और वरिष्ठ नगरसेवकों की मौजूदगी भाजपा को सबसे संगठित ताकत बनाती है।

### शिवसेना (शिंदे गुट) की आक्रामक रणनीति

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए नवी मुंबई का चुनाव केवल स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं, बल्कि उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा का विषय है। ऐरोली में हुई हालिया सभा और नामदेव भगत (राकांपा-अजीत पवार गुट) जैसे कद्दावर नेताओं का साथ मिलना शिंदे गुट के लिए 'मास्टरस्ट्रोक' माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद नरेश म्हासके और उपनेता विजय नहाटा के नेतृत्व में शिवसेना (शिंदे गुट) भी नवी मुंबई में लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। पार्टी ने न केवल संख्या बल बढ़ाया है, बल्कि वार्ड-वार रणनीतियां और उम्मीदवारों की छंटनी भी शुरू कर दी है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष पूनम पाटिल, एनसीपी अध्यक्ष नामदेव भगत और उद्धव ठाकरे गुट के नेता एम.के. माधवी जैसे चेहरों को साथ जोड़कर पार्टी ने सामाजिक और राजनीतिक आधार का विस्तार किया है।

### चुनाव के आँकड़े: एक नज़र में




### विधानसभा चुनावों के आंकड़े क्या कहते हैं

2024 के विधानसभा चुनावों में ऐरोली सीट पर गणेश नाइक को 54% वोट मिले थे, जबकि बेलापुर में मंदा म्हात्रे और संदीप नाइक ने मिलकर लगभग 78% मत हासिल किए। ये आंकड़े नवी मुंबई में NDA की मजबूत जमीनी पकड़ को दर्शाते हैं, जिसका असर सीधे मनपा चुनाव पर पड़ता दिख रहा है।

### एनसीपी की सीमित संभावनाएं

एनसीपी ने शहर के पहले भाजपा नगरसेवक रहे भारत जाधव को पार्टी की कमान सौंपी है, लेकिन उनका प्रभाव सीमित माना जा रहा है। अजित पवार के प्रभाव से माथाड़ी समुदाय के कुछ बिखरे वोट छोटे वार्डों में मदद कर सकते हैं, पर नई पैनल प्रणाली में एक भी पूरा पैनल जीत पाना पार्टी के लिए कठिन माना जा रहा है।

### चुनाव के बाद असली लड़ाई: मेयर पद

16 जनवरी को नतीजे आते ही भाजपा और शिवसेना के बीच मेयर पद को लेकर रस्साकशी तेज होने की संभावना है। दोनों दलों में मेयर पद के कई दावेदार हैं और जोरदार लॉबिंग देखने को मिल सकती है। कुल मिलाकर, नवी मुंबई मनपा चुनाव में NDA की जीत लगभग तय मानी जा रही है, जबकि असली मुकाबला सत्ता के भीतर—मेयर की कुर्सी को लेकर—होने वाला है।

---

**मुलुंड विधानसभा क्षेत्र**




# बीजेपी का गढ़, लेकिन एंटी इनकंबेंसी का ख़तरा

धीरज सिंह । नवी मुंबई

**मुंबई का मुलुंड इलाका लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। टी-वॉर्ड के अंतर्गत आने वाले कुल 6 वॉर्ड में 2017 के बीएमसी चुनाव में बीजेपी ने क्लीन स्वीप किया था। कांग्रेस, एनसीपी (अविभाजित) और एमएनएस का खाता तक नहीं खुल पाया था। हालांकि 2026 के बीएमसी चुनाव से पहले बदलते राजनीतिक समीकरणों और स्थानीय असंतोष के चलते मुकाबला पहले जैसा एकतरफा नहीं दिख रहा।**


#### मुद्दे: ट्रैफिक, डंपिंग ग्राउंड और पुनर्वास का दबाव

इन वॉर्डों में सबसे बड़ा मुद्दा धारावी पुनर्विकास के तहत लगभग ढाई लाख लोगों के संभावित पुनर्वास से सिविक सुविधाओं पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ है। इसके अलावा डंपिंग ग्राउंड, जलभराव और ट्रैफिक जाम भी चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं। सड़क निर्माण कार्य जारी है, लेकिन उसका वास्तविक असर चुनाव तक कितना दिखेगा, यह बड़ा सवाल है।

#### वोटर प्रोफाइल

मुलुंड में गुजराती, मराठी और राजस्थानी समाज की बड़ी आबादी है, जिसे पारंपरिक रूप से बीजेपी का मजबूत वोट बैंक माना जाता है। बावजूद इसके, विपक्ष को उम्मीद है कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों के सहारे वह इस स्थायी माने जाने वाले समर्थन में सेंध लगा सकता है।

**वॉर्ड वाइज विश्लेषण**



- **प्रभाग 103 (मुलुंड पश्चिम)**: 2017 के चुनाव में यहाँ कुल 45,929 मतदाता थे, जिनमें से 22,559 ने मतदान किया था। भाजपा के मनोज किशोरभाई कोटक ने 14,510 वोट पाकर यहाँ एकतरफा जीत हासिल की थी। 2017 में यह वॉर्ड 'सर्वसामान्य' था, लेकिन 2025 के लिए इसे 'सर्वसामान्य महिला (G L)' के लिए आरक्षित किया गया है।
- **प्रभाग 104 (मुलुंड कॉलोनी/नेहरू रोड)**: यह क्षेत्र टी-वॉर्ड का सबसे बड़ा मतदाता आधार वाला क्षेत्र है, जहाँ 2017 में 61,211 मतदाता थे। भाजपा के प्रकाश (भाऊ) सदाशिव गंगाधरे ने यहाँ 12,797 मतों के साथ विजय प्राप्त की थी। 2017 में 'ओबीसी' श्रेणी में रहने वाले इस वॉर्ड को 2025 के लिए 'सर्वसामान्य (G)' कर दिया गया है।
- **प्रभाग 105 (मुलुंड पूर्व/नीलम नगर)**: 2017 में यहाँ 52,571 मतदाता पंजीकृत थे, जहाँ भाजपा की रजनी प्रकाश केणी ने 11,859 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। आगामी 2025 के चुनावों के लिए इस वॉर्ड के आरक्षण में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है; इसे 'सर्वसामान्य महिला' से बदलकर 'ओबीसी महिला (OBC L)' कर दिया गया है।
- **प्रभाग 106 (मुलुंड पूर्व/नवघर)**: इस प्रभाग में 2017 के दौरान 41,756 मतदाता थे और भाजपा के प्रभाकर पाटीलबुवा शिंदे ने 11,967 वोटों के साथ यहाँ जीत हासिल की थी। आरक्षण के दृष्टिकोण से इस वॉर्ड में स्थिरता देखी गई है; यह 2017 में भी 'सर्वसामान्य' था और 2025 के लिए भी इसे 'सर्वसामान्य (G)' श्रेणी में ही रखा गया है। यहाँ पुराने अनुभवी उम्मीदवारों और नए दावेदारों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

> विपक्षी गठबंधन या आरक्षण बदलाव से कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक इलाके में 428 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है, बर्ड पार्क और नए गार्डन शुरू होने वाले हैं, ट्रैफिक सुधार के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और पानी की किल्लत दूर करने के लिए नई पाइपलाइन डाली गई है।
>
> *मिहिर कोटेचा, विधायक*

### बीएमसी चुनाव के 2017 के आंकड़े

